प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



प्रधानमंत्री का असम दौरा-जनता को सौगात, कांग्रेस पर आरोपों की बौछार पेज- 2

आईटीआई में रोजगार मेला व प्लेसमेंट इवेन्ट आज पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 87 बुधवार 18 मार्च, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## बच्चों को पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरी है : राष्ट्रपति मुर्मू



(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और यह आवश्यक है कि उन्हें पौष्टिक भोजन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो। मुर्मू ने कहा कि बच्चों के लिए एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य केवल सरकार की नहीं बल्कि सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जब शिक्षक, माता–पिता, सामाजिक संगठन, कॉर्पोरेट जगत और समाज के सभी वर्ग मिलकर काम करते हैं, तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत नींव रखते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिले। ये मूलभूत तत्व बच्चों के सर्वांगीण विकास को संभव बनाते हैं। मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा भोजन के पांच अरब पैकेट वितरण के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अक्षय पात्र फाउंडेशन की एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का विषय एक समृद्ध और शिक्षित भारत से एक विकसित भारत की ओर है, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के हमारे राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के महत्व को रेखांकित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह आवश्यक है कि बच्चों को पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो, जो राष्ट्र का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह साधन है जो किसी व्यक्ति के जीवन में उपलब्ध अवसरों को निर्धारित करती है और उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, यह परिवर्तन और सशक्तीकरण का एक प्रभावी माध्यम है। सशक्तीकरण और दक्षता निर्माण की प्रक्रिया बच्चों के स्कूल जाना शुरू करने के क्षण से ही आकार लेना शुरू कर देती है। स्कूल बच्चों को रोजमर्रा की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने और जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि फाउंडेशन पिछले 25 वर्षों से स्कूलों में मध्याह्न भोजन पहुंचाकर बच्चों में कुपोषण की समस्या का समाधान करने के लिए लगातार काम कर रहा है। मुर्मू ने कहा कि सरकार ने गर्भवती माताओं और बच्चों को पर्याप्त पोषण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की हैं।

## बंगाल विधानसभा चुनावः टीएमसी सिर्फ 291 सीटों पर लड़ेंगी चुनाव, ममता ने किया ऐलान, उम्मीदवारों की सूची जारी



(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। तृणमूल प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि पार्टी राज्य की 294 सीट में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेगी। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में बनर्जी ने कहा कि दार्जिलिंग पहाड़ियों की शेष तीन सीट पर अनित थापा के नेतृत्व वाला भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) चुनाव लड़ेगा। ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगी। बनर्जी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी के साथ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए कहा हम 294 सीट में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेंगे। शेष तीन सीट पर हमारे सहयोगी, अनित थापा के नेतृत्व वाला बीजीपीएम दार्जिलिंग पहाड़ियों में चुनाव लड़ेगा। ममता बनर्जी ने विश्वास जताया कि टीएमसी 2026 के विधानसभा चुनावों में आसानी से बहुमत हासिल करने के साथ सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने दावा किया, ष्हम 2026 के विधानसभा चुनावों में 226 से अधिक सीट जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने उन पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी आश्वस्त करने की कोशिश की, जिन्हें उम्मीदवारों की सूची में जगह नहीं मिल पाई है। बनर्जी ने कहा कि ऐसे नेताओं को संगठन में समायोजित किया जाएगा। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा कि आगामी चुनावों में पार्टी की सीट में गिरावट आएगी। उन्होंने कहा, इस चुनाव में भाजपा की सीट में कमी आएगी। उन्हें उनकी जनविरोधी नीतियों का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी के 291 उम्मीदवारों में से 52 महिलाएं, 95 अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति और 47 अल्पसंख्यक हैं। टीएमसी ने कोलकाता पोर्ट से फरहाद हकीम, बेलेघाटा सीट से कुणाल घोष, हाबरा सीट से ज्योतिप्रियो मल्लिक को मैदान में उतारा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग

### -अखिल भारतीय शिरोमणि सिंह सभा की याचिका खारिज



(एजेंसी) नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश संबंधी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। यह जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की एक पीठ ने कहा कि वह अखिल भारतीय शिरोमणि सिंह सभा की याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है। याचिकाकर्ता ने देश में सार्वजनिक या राजपत्रित अवकाश घोषित करने के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी करने की भी मांग की थी। पीठ ने कहा, खारिज। विस्तृत आदेश बाद में आएगा। याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि वर्तमान में कोई नीति नहीं है और यह सुनिश्चित होना चाहिए कि सार्वजनिक अवकाश कैसे तय किया जाएगा। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह दसवें सिख गुरु श्गुरु गोविंद सिंह जीश के प्रकाश पर्व को राजपत्रित,सार्वजनिक अवकाश घोषित करे, जो पूरे भारत में मनाया जाए। याचिका में कहा गया, भारत में राजपत्रित अवकाश घोषित करने के संबंध में किसी भी प्राधिकारी के कोई मार्गदर्शन सिद्धांत न होने के कारण, सरकार में बैठे राजनीतिक समूहों के कहने पर अधिकारी अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार अवकाश घोषित करते हैं, जो विशेष जनता के एक वर्ग को संतुष्ट करने के राजनीतिक उद्देश्य के लिए होता है।

## राहुल गांधी के खिलाफ 204 रिटायर्ड अधिकारियों ने लिखा पत्र

### कहा-"संसद में आचरण ठीक नहीं, देश से मांगें माफी"



(एजेंसी) नई दिल्ली। देश के 204 पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने संसद की गरिमा को लेकर चिंता जताते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के व्यवहार पर सवाल उठाए हैं। इन हस्ताक्षरकर्ताओं में 116 सेवानिवृत्त सशस्त्र बल अधिकारी, 84 सेवानिवृत्त नौकरशाह (जिनमें 4 राजदूत शामिल हैं) और 4 वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हैं। जारी पत्र में कहा गया है कि भारत की संसद देश की संवैधानिक व्यवस्था का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है, जहां जनता की आवाज को अभिव्यक्ति मिलती है, कानून बनाए जाते हैं और गणराज्य की बुनियाद मजबूत होती है। ऐसे में संसद की गरिमा केवल परंपरा का विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा का अहम हिस्सा है। संसद भवन के भीतर सांसदों का आचरण उच्चतम मानकों के अनुरूप होना चाहिए। लोकसभा और राज्यसभा के कक्षों के साथ–साथ संसद परिसर के अन्य हिस्से (जैसे सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी) भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं और वहां भी उसी गरिमा का पालन किया जाना चाहिए। हस्ताक्षरकर्ताओं ने 12 मार्च की घटना पर विशेष चिंता जताई। उनके अनुसार, उस दिन माननीय स्पीकर द्वारा संसद परिसर में किसी भी तरह के प्रदर्शन या विरोध पर स्पष्ट रोक लगाने के बावजूद विपक्ष ने इस निर्देश की अनदेखी की। खुले पत्र में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष ने जानबूझकर इस आदेश का उल्लंघन किया, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि संसदीय परंपराओं के प्रति अनादर भी दर्शाता है। पत्र में यह भी कहा गया कि राहुल गांधी और कुछ अन्य सांसद संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए दिखाई दिए, जो देश की सर्वोच्च विधायी संस्था के सदस्यों के अनुरूप आचरण नहीं है। संसद की सीढ़ियां किसी प्रदर्शन या राजनीतिक मंचन का स्थान नहीं हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह व्यवहार अहंकार और विशेषाधिकार की भावना को दर्शाता है और संसद जैसी संस्था के प्रति सम्मान की कमी को उजागर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि संसद को लोकतंत्र का मंदिर माना जाता है, जहां जनप्रतिनिधि गंभीर मुद्दों पर चर्चा के लिए आते हैं, लेकिन इस तरह के व्यवहार से उसकी गरिमा को ठेस पहुंचती है। पत्र में आगे कहा गया कि राहुल गांधी पहले भी संसद के भीतर और बाहर इस तरह के नाटकीय व्यवहार के जरिए सार्वजनिक संवाद के स्तर को गिराते रहे हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि वे संसद को गंभीर बहस के मंच के बजाय एक राजनीतिक मंच के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं ने यह भी कहा कि ऐसे आचरण से न केवल संसद की कार्यवाही बाधित होती है, बल्कि जनता का समय और संसाधन भी व्यर्थ होते हैं। उन्होंने चिंता जताई कि नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह का व्यवहार लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि सरकार की आलोचना करने के प्रयास में राहुल गांधी देश और उसके लोकतंत्र की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हस्ताक्षरकर्ताओं ने कहा कि सांसदों को यह समझना चाहिए कि उनके हर कदम का प्रतीकात्मक और संस्थागत महत्व होता है। उन्होंने राहुल गांधी और उनके सहयोगियों के इस व्यवहार को लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाला बताया। पत्र में राहुल गांधी से देश से माफी मांगने और आत्ममंथन करने की अपील की गई है। इस पत्र के समन्वयक जम्मू–कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य हैं, जिन्होंने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर जोर दिया है।

## 24 घंटे में हटाएं सोशल मीडिया पोस्ट, जेफ्री एप्स्टीन मामले में मंत्री हरदीप पुरी की बेटी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा आदेश



(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को दोषी अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया मंचों पर किसी भी तरह से ऐसी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करने से भी रोका। हिमायनी पुरी द्वारा दायर एक मुकदमे की सुनवाई कर रहीं न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता पोस्ट नहीं हटाते हैं, तो मंच ऐसी सामग्री को हटा देंगे या उस (सामग्री) तक पहुंच को अवरुद्ध कर देंगे। अदालत ने कहा कि हिमायनी पुरी के पक्ष में प्रथम दृष्टया मामला बनता है और यदि अंतरिम राहत नहीं दी गई तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी। उच्च न्यायालय ने कहा, परिणामस्वरूप, अगली सुनवाई की तारीख तक निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं। अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई अगस्त में तय की। वादी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि वित्त पेशेवर के रूप में उनकी मुवक्किल की वैश्विक प्रतिष्ठा है जिसकी रक्षा करने की जरूरत है और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे, बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण हैं।उन्होंने कहा कि मानहानिकारक सामग्री उन उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रकाशित और साझा की गई थी जो स्वयं को पत्रकार या कंटेंट क्रिएटर बताते हैं। जेठमलानी ने अदालत को यह भी बताया कि वादी न्यूयॉर्क की निवासी हैं और उन्होंने अदालत से वैश्विक स्तर पर मानहानिकारक सामग्री को अवरुद्ध करने का आदेश पारित करने का आग्रह किया। मेटा प्लेटफॉर्म्स की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने दलील दी कि इस तरह के आदेश किसी भी देश में पारित नहीं किए गए हैं और आपत्तिजनक सामग्री को देश–विशेष के आधार पर ही ब्लॉक किया जाता है। उन्होंने अदालत को बताया कि वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया सामग्री को हटाने का मुद्दा उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष लंबित है। फिलहाल सोशल मीडिया सामग्री हटाने के आदेश को भारत तक सीमित रखते हुए अदालत ने उपयोगकर्ताओं और सोशल मीडिया मंचों को समन जारी किए और उन्हें मुख्य मामले के साथ–साथ अंतरिम राहत से जुड़ी अर्जी पर भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत के बाहर अपलोड की गई सामग्री को सोशल मीडिया मंच भारत में ब्लॉक करेंगे। प्रतिवादियों में से एक के वकील ने दलील दी कि उसका वीडियो श्पत्रकारीय स्वतंत्रताश् के तहत बनाया गया है और स्वतंत्र पत्रकारिता की रक्षा की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि मामले पर विचार की आवश्यकता है और प्रतिवादियों को अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। हिमायनी पुरी ने अपने मुकदमे में 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है और कई संस्थाओं को मानहानिकारक सामग्री फैलाने से रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें एप्स्टीन और उसके अपराधों से जोड़ने के लिए एक श्समन्वित और दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन अभियान चलाया गया। उन्होंने आरोपियों से बिना शर्त माफी मांगने और अपने पोस्ट वापस लेने की भी मांग की। याचिका में कहा गया है, 22 फरवरी 2026 के आसपास से सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल मंचों, जिनमें एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन, डिजिटल समाचार पोर्टल और अन्य वेब आधारित प्रकाशन शामिल हैं, पर झूठे, भ्रामक और मानहानिकारक पोस्ट, लेख, वीडियो और सामग्री प्रकाशित और प्रसारित की गई। हिमायनी पुरी ने दावा किया कि वह एक सफल वित्त और निवेश पेशेवर हैं और उन्हें केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री की बेटी हैं। उनके मुकदमे के अनुसार, प्रतिवादियों ने यह निराधार आरोप फैलाए कि हिमायनी पुरी के जेफ्री एप्स्टीन के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध थे। याचिका में कहा गया कि ये सभी आरोप पूरी तरह झूठे, दुर्भावनापूर्ण और तथ्यहीन हैं। एप्स्टीन फाइल्स हजारों पन्नों के दस्तावेज का एक संग्रह है, जो एप्स्टीन और उसकी सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल के खिलाफ यौन तस्करी से जुड़ी दो आपराधिक जांचों से संबंधित है। इनमें यात्रा रिकॉर्ड, रिकॉर्डिंग और ईमेल शामिल हैं और 2019 में हिरासत में एप्स्टीन की मौत के बाद से ये लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं।

## लोकसभा से ८ विपक्षी सदस्यों का निलंबन समाप्त, किरण रिजिजू ने रखा प्रस्ताव, सर्वदलीय बैठक में फैसला



(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा ने मंगलवार को उन आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया जिन्हें संसद के बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना के मामले में निलंबित किया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सभी दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी, जिसमें आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन वापस लेने पर सहमति बनी थी। सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने आसन से निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद भी जताया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। बजट सत्र के पहले चरण के दौरान तीन फरवरी को आसन की ओर कागज फेंकने के बाद, सदन की अवमानना के मामले में विपक्ष के आठ सांसदों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एस. वेंकटेशन शामिल हैं। निलंबन के बाद से ये सांसद कार्यवाही वाले दिन संसद के मकर द्वार पर धरना दे रहे थे। लोकसभा ने आठ सदस्यों के निलंबन के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर तत्काल प्रभाव से सभी सदस्यों के निलंबन को समाप्त कर दिया है। विपक्ष की तरफ से इस मामले में की गई जोरदार पहल के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इस आशय का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इन सभी सदस्यों को बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण से पैदा हुई स्थिति के बाद भारी हंगामा करने और अध्यक्ष की ओर कागज फेंकने के आरोप में पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया था। इस संबंध में सोमवार को सभी दलों के नेताओं की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ बैठक ही हुई थी। निलंबित सदस्यों में सात कांग्रेस सांसद और मदुरै से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक सांसद शामिल है। लोकसभा ने आज दिन सदस्यों का निलंबन वापस लिया है उनमें हिबी ईडन, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिक्कम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, किरण कुमार रेड्डी, प्रशांत पाडोले, एस वेंकटेशन और डीन कुरियाकोस शामिल हैं।

# सम्पादकीय

## विधानसभा चुनाव का बजा बिगुल

### टीएमसी और भाजपा के अपने–अपने तर्क

चुनाव आयोग ने बीते रविवार को असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं, दूसरे चरण में 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन को कुल 294 सीटों में से कम से कम 148 सीटों की आवश्यकता होती है। यह सदन की कुल सदस्य संख्या का आधा से एक अधिक है। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान होने के साथ ही आईएएनएस–मैटराइज का ओपिनियन पोल भी आ गया है। ओपिनियन पोल में पश्चिम बंगाल में किसके सिर पर सत्ता का ताज सजेगा, इसको लेकर राज्य की जनता की राय ली गई है। ओपिनियन पोल के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सत्ता पर काबिज होने का अनुमान जताया गया है। वहीं, भाजपा के पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार ज्यादा सीटें जीतने के आसार ओपिनियन पोल में जताए गए हैं। बहरहाल, पश्चिम बंगाल में चुनाव की तारीखों का एलान होते ही सियासी माहौल अचानक गर्म हो गया है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि यहां 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और 4 मई को परिणाम आएंगे। इस बार सबसे बड़ी चर्चा इस बात की है कि चुनाव सिर्फ दो चरणों में कराए जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस फैसले से सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को भी राहत मिली है और विपक्षी भाजपा को भी मौका दिखाई दे रहा है। दोनों पार्टियां अपने–अपने हिसाब से इस फैसले को अपने पक्ष में मान रही हैं। दरअसल, बंगाल की राजनीति में लंबे समय से चुनाव के चरणों को लेकर विवाद होता रहा है। पिछले चुनाव में 7–8 चरणों में मतदान हुआ था, जिसे लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी ने कड़ा विरोध किया था। टीएमसी का तर्क था कि इतने लंबे चुनाव से प्रशासनिक दबाव बढ़ता है, राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण होता है और केंद्रीय बलों की तैनाती भी असामान्य रूप से लंबी हो जाती है। लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने मतदान को सिर्फ दो चरणों में सीमित कर दिया है। टीएमसी के लिए इस चुनावी ढांचे में कई ऐसी बातें हैं जो पार्टी को राहत देती दिख रही हैं। पहला, पार्टी को अब यह डर नहीं है कि चुनाव लंबा खिंचेगा और हर चरण के साथ राजनीतिक तापमान बढ़ेगा। टीएमसी हमेशा से लंबे चुनाव के खिलाफ रही है। दूसरा, पिछले चुनाव में एक बड़ा विवाद यह भी था कि उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल की सीटों को अलग–अलग तरीके से चरणों में बांटा गया था, जिससे चुनावी प्रभाव को लेकर कई तरह की राजनीतिक व्याख्याएं सामने आई थीं। इस बार चुनाव आयोग ने उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल को साफ–साफ अलग कर दिया है, जिससे वह बहस लगभग खत्म हो गई है कि किसी क्षेत्र को राजनीतिक तौर पर अलग–थलग करके वोटिंग कराई जा रही है। तीसरा, कम चरण होने का मतलब है कि केंद्रीय बलों की लंबी तैनाती नहीं होगी, जो अक्सर विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच टकराव का कारण बनती है। चौथा, संसद में हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्तावके बाद टीएमसी का मानना है कि चुनाव आयोग पर लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने का अतिरिक्त दबाव रहेगा। हालांकि पहली नजर में यह फैसला टीएमसी के लिए राहत जैसा लगता है, लेकिन भाजपा भी इसे अपने लिए अवसर मान रही है। भाजपा का कहना है कि दो चरणों में मतदान होने से बाहुबली राजनीति पर अंकुश लगेगा. पार्टी का आरोप रहा है कि पिछले चुनावों में अलग–अलग चरणों के कारण दूसरे जिलों से लोग लाकर बूथों पर दबाव बनाया जाता था।लेकिन इस बार अगर बड़े हिस्से में एक साथ मतदान होगा, तो ऐसे लोगों को अलग–अलग जगह भेजना मुश्किल होगा। भाजपा यह भी दावा कर रही है कि इससे बूथ कैप्चरिंग और रिगिंग की संभावना कम होगी, क्योंकि प्रशासन और सुरक्षा बल एक साथ कई इलाकों में तैनात रहेंगे। भाजपा की रणनीति का एक बड़ा हिस्सा फर्जी वोटरों के मुद्देपर टिका हुआ है। पार्टी का कहना है कि हाल ही में हुई मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया में बड़ी संख्या में फर्जी और घोस्ट वोटर हटाए गए हैं। भाजपा दावा कर रही है कि इससे अब चुनाव ज्यादा पारदर्शी और निष्पक्ष हो सकता है। बंगाल चुनाव में हिंसा हमेशा बड़ा मुद्दा रहा है। भाजपा का कहना है कि चुनाव आयोग की रिपोर्ट में हिंसा की संभावना पहले से कम बताई गई है, जिससे पार्टी को भरोसा है कि इस बार माहौल थोड़ा शांत रह सकता है। साथ ही राज्य के नए राज्यपाल सीवी आनंद बोस को लेकर भी भाजपा उम्मीद जता रही है। पूर्व खुफिया अधिकारी रहे राज्यपाल को लेकर पार्टी का मानना है कि वे प्रशासनिक स्तर पर सख्ती से कानून–व्यवस्था संभाल सकते हैं। चुनाव की घोषणा के बाद एक बड़ा संवैधानिक बदलाव भी होता है। चुनाव की तारीखों के एलान होने से नई सरकार के गठन तक ममता बनर्जी कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर काम करेंगी। इस दौरान प्रशासनिक नियंत्रण का एक बड़ा हिस्सा चुनाव आयोग के पास चला जाता है। ऐसे में जरूरत के मुताबिक चुनाव आयोग अधिकारियों के तबादले, निलंबन या अन्य बदलाव भी कर सकता है। भाजपा का मानना है कि इससे चुनाव प्रक्रिया ज्यादा निष्पक्ष हो सकती है। पश्चिम बंगाल के राजनीतिक गलियारों में एक और चर्चा चल रही है। अगर चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा या प्रशासनिक विफलता के आरोप लगे, तो विपक्ष संविधान के अनुच्छेद 356 यानी राष्ट्रपति शासन की मांग उठा सकता है। भाजपा नेताओं का कहना है कि यही डर प्रशासन और राजनीतिक दलों पर एक तरह का मनोवैज्ञानिक दबाव बनाए रखेगा। चुनाव के दो चरणों का फैसला भले ही सियासी समीकरणों को नया रंग दे रहा हो, लेकिन असली परीक्षा अभी बाकी है। बंगाल की राजनीति में मजबूत संगठन, स्थानीय समीकरण और बूथ स्तर की रणनीति ही आखिरकार चुनाव का नतीजा तय करती है। इसलिए फिलहाल तस्वीर यह है कि टीएमसी दो चरणों चुनाव होने को जहां राहत मान रही है वहीं भाजपा इसे मौके के तौर पर देख रही है लेकिन मतदाताओं का रुख किस ओर झुकेगा यह तो 4 मई को नतीजों में ही पता चलेगा।


नफीस जाफरी

# प्रधानमंत्री का असम दौरा-जनता को सौगात, कांग्रेस पर आरोपों की बौछार


गुलफिशा खान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी गुवाहाटी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा–एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में बमों और गोलीबारी की आवाज अब बीते दिनों की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने ''स्वार्थ केंद्रित राजनीतिक हितों'' के लिए विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बारिश के कारण यात्रा कार्यक्रम में बाधा आने के बाद गुवाहाटी से 'डिजिटल' माध्यम से असम के कोकराझार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ''डबल इंजन'' सरकार के तहत शांति एवं विकास का एक नया अध्याय लिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वदेशी लोगों की जमीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का काम किया। उन्होंने कहा, "आगामी चुनावों में कांग्रेस को दंडित करें और यह स्पष्ट संदेश दें कि इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।" असम विधानसभा की 126 सीट के लिए चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा घुसपैठियों के साथ मिलीभगत करती रही है और उसने राज्य की मूल आबादी को कभी कानूनी रूप से भूमि अधिकार नहीं दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी भूमि घुसपैठियों को सौंप दी, और धुबरी तथा गोलपारा



जैसे जिलों में स्थिति गंभीर थी, जिससे कोकराझार की जनसांख्यिकी प्रभावित हुई. प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा अतिक्रमण मुक्त भूमि के लिए एक बड़ा अभियान चला रहे हैं और भाजपा सरकार ने आदिवासी लोगों को उनके अधिकार सौंप दिए हैं। मैं इस संबंध में सहयोग देने के लिए आदिवासी समुदायों के लोगों का भी आभारी हूं। मोदी ने कहा कि कोकराझार दशकों से कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है, क्योंकि विपक्षी कांग्रेस ने झूठे वादे किए थे। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने दिखावे और स्वार्थी हितों के लिए शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए, लेकिन भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया और बोडोलैंड का विकास सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड की पहाड़ियां दशकों तक बंदूकों और बम धमाकों की आवाजों से गूंजती रहीं, लेकिन ''अब वे दिन बीत चुके हैं, और यह शांति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''इन वर्षों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है और बहुत कुछ खोया है... हमने वे कठिन दिन देखे हैं, लेकिन अब 'खाम' (ढोल) की थाप और 'सिफोंग' (बांसुरी) की मधुर आवाज सुनाई देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ''जब जनता ने राज्य और केंद्र दोनों से कांग्रेस को सत्ता से हटाया, तभी हम ईमानदारी और निष्ठा से इस क्षेत्र का विकास शुरू कर पाए। राहुल गांधी के नारे 'मोहब्बत की दुकान' का स्पष्ट जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस 'झूठे वादों की दुकान' है, और एक झूठ के साथ यह चार और 'बड़े झूठ' उपहार में देती है, क्योंकि उनका कोई भी वादा पूरा करने का इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत "डबल इंजन" सरकार का मॉडल जनता के सामने है और किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा की ''डबल इंजन'' सरकार बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) की सांस्:तिक परंपराओं के संरक्षण और तीव्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वह बीटीआर के लोगों के प्यार के लिए ऋणी हैं। मोदी ने कहा, ''मैंने हमेशा अपनी सेवा और क्षेत्र के तीव्र विकास के माध्यम से इसे चुकाने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने जनवरी में गुवाहाटी में बोडो संस्:ति का भव्य आयोजन 'बागुरुम्बा द्वौर देखा था। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात पर गर्व है कि बोडो समाज ने अपनी भाषा, संस्:ति और परंपराओं को इतनी सावधानी से संरक्षित रखा है – चाहे वह बाथौ की आध्यात्मिक परंपराएं हों या बिसागु उत्सव, जो भारतीय सभ्यता को मजबूत करता है। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजग सरकार असम की विरासत को संरक्षित करने और तीव्र विकास सुनिश्चित करने के लिए भी काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''आज के कार्यक्रम में ही 4,750 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की गई है, जिसमें से 1100 करोड़ रुपये से अधिक बोडोलैंड में सड़क अवसंरचना के विकास पर खर्च किए जाएंगे, जिससे राज्य में सड़क संपर्क और मजबूत होगा। मोदी ने कहा कि रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाई गई है, जो न केवल लोगों के लिए सुविधाजनक होंगी बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां रेलवे कार्यशाला स्थापित की जाएगी और इससे क्षेत्र को एक प्रमुख 'लॉजिस्टिक्स हब' बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भूटान के साथ रेल संपर्क स्थापित करने का काम भी प्रगति पर है और साथ ही कई स्टेशनों का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा है।

# अमेरिका क्या युद्ध अपराधी बनेगा?


फरीद वारसी

खाड़ी में जंग के बीच ईरान के स्कूल पर मिसाइल अटैक करके अमेरिका बुरी तरह घिर गया है। हमले में करीब 165 मासूम बच्चियों की मौत को लेकर ट्रंप सरकार की खूब फजीहत हो रही है। अब इसे लेकर ईरान के दोस्त चीन ने नया दांव चलते हुए अमेरिका को घेरा है। चीन ने पीड़ित परिवारों के लिए वित्तीय सहायता का ऐलान करके कूटनीतिक मोर्चे पर अमेरिका के ऊपर दबाव बना दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान के मिनाब स्थित एलिमेंट्री स्कूल पर अमेरिकी एयरस्ट्राइक में मारी गई छात्राओं के परिजनों को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में वह 2 लाख डॉलर (लगभग 1.6 करोड़ रुपये) देगा। यह राशि चीन की रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से ईरान की रेड क्रॉस सोसाइटी को दी जाएगी। यह राशि खासतौर से इस हमले में अपने बच्चों को खोने वाले परिजनों की मदद और मुआवजे के लिए दी जा रही है। चीन सरकार ने इस मदद का ऐलान हुए अमेरिका को खूब सुनाया। चीनी प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ईरानी स्कूल पर हमले में छात्राओं की मौत पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम नागरिकों और गैर–सैन्य ठिकानों पर होने वाले सभी अंधाधुंध हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। स्कूलों को निशाना बनाना और बच्चों को नुकसान पहुंचाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। इसने मानवीय नैतिकता और अंतरात्मा की सीमाओं को लांघ दिया है। चीन सरकार ने सभी तरह के मिलिट्री ऑपरेशन तुरंत रोकने की अपील की है ताकि तनाव को बढ़ने से रोका जा सके और मिडिल ईस्ट की उथलपुथल से वैश्विक अर्थव्यवस्था को बचाया जा सके। चीन ने मानवीय भावना के साथ ईरान और ईरान के लोगों की मदद का भी भरोसा दिलाया। जहां तक अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रंप का सवाल है तो यह किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका को ह्यमन राइट्स का चैंपियन माना जाता है। दुनिया में कहीं भी हिंसा हो अमेरिका सबसे पहले सवाल उठाता है। इसी के चलते कई युद्ध भी उसने कर दिए हैं। अब उसी अमेरिका पर युद्ध अपराध के आरोप लग रहे हैं। वो भी उस राष्ट्रपति के कार्यकाल में जो खुद को कई युद्धों को रुकवाने वाला बताते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार का सबसे बड़ा दावेदार मानते हैं। अमेरिका और ट्रंप की सेना पर युद्ध अपराध के आरोप ईरान तो लगा ही रहा है, अब खुद अमेरिकी अखबार और रिपब्लिकन–डेमोक्रेट सीनेटर (सांसद) भी लगा रहे हैं। सवाल पूछ रहे हैं। विदित हो कि 28 फरवरी (शनिवार) को इजरायल और अमेरिका की तरफ से ईरान के एक प्राइमरी स्कूल पर हमला किया गया। उसी दिन अलग–अलग टारगेट में 165 से अधिक मारे गए। इनमें ज्यादातर बच्चे थे. ईरान ने स्कूल और रिहायशी इलाकों पर अमेरिकी हमले की निंदा की तो पूरी दुनिया चौंक गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले हमले के लिए ईरान को दोषी ठहराया, बाद में कहा कि उन्हें पक्का पता नहीं है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है, और फिर कहा कि वे पेंटागन की जांच के नतीजों को स्वीकार करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स की पहली रिपोर्ट के बाद यह मामला और भी गंभीर हो गया कि प्रारंभिक जांच में अमेरिका को जिम्मेदार पाया गया है। प्रारंभिक जांच के नतीजों से परिचित एक व्यक्ति के अनुसार, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने हमले के लिए रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए पुराने डेटा का उपयोग करते हुए टारगेट तय किए। प्रारंभिक जांच के नतीजों के बाद पेंटागन से तुरंत और जानकारी देने की मांग की गई। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि जांच अभी जारी है। अमेरिकी अधिकारी और मामले से परिचित व्यक्ति दोनों ने इस संवेदनशील विषय पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। दर्जनों डेमोक्रेटिक सीनेटरों ने ट्रंप प्रशासन से जवाब मांगा, क्योंकि बढ़ते सबूतों से संकेत मिल रहे थे कि इस हमले के लिए अमेरिका ही जिम्मेदार था। 45 से अधिक सीनेटरों के पत्र में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ से पूछा गया कि क्या अमेरिका इस हमले के लिए दोषी है और इमारत का पहले क्या विश्लेषण किया गया था। सीनेटरों ने लिखा, इस प्रशासन के तहत, विभाग में बजट और कर्मचारियों की कटौती ने सैन्य कमानों को नागरिक हताहतों को रोकने और उनका जवाब देने के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों से वंचित कर दिया है। इनमें अमेरिकी सेंट्रल कमांड में कटौती भी शामिल है, जिसकी सेनाएं ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान का नेतृत्व कर रही हैं, और सिविलियन प्रोटेक्शन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कटौती भी शामिल



है, जिसे हमलों में होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के पेंटागन के महत्वाकांक्षी उद्देश्य के तहत 2022 में कानून के रूप में पारित किया गया था। जबकि जानकारों का कहना है कि कई संकेत हैं कि विद्यालय पर हमला टाला जा सकता था. यह घटना शनिवार की सुबह हुई, जो ईरानी स्कूल सप्ताह की शुरुआत थी, जब भवन छोटे बच्चों से भरा हुआ था। एपी द्वारा किए गए सैटेलाइट विश्लेषण से पता चलता है कि सैटेलाइट इमेज से ही स्कूल को नागरिक स्थल के रूप में पहचाना जा सकता था। पिछले हते एपी ने रिपोर्ट किया था कि सैटेलाइट तस्वीरों, विशेषज्ञों के विश्लेषण, एक अमेरिकी अधिकारी और अमेरिकी सेना द्वारा जारी की गई सार्वजनिक जानकारी से संकेत मिलता है कि यह संभवतः एक अमेरिकी हमला था।ो यह सबूत और भी पुख्ता हो गया, जब नए फुटेज सामने आए, जिनमें विशेषज्ञों ने अमेरिकी निर्मित टोमाहॉक क्रूज मिसाइल को सैन्य परिसर से टकराते हुए देखा। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि स्कूल की इमारत लगभग 2017 तक सैन्य परिसर का हिस्सा थी, जब दोनों को अलग करने के लिए एक नई दीवार बनाई गई थी। परिसर पर स्थित एक निगरानी मीनार को भी हटा दिया गया था। लगभग उसी समय, तस्वीरों से पता चलता है कि इमारत के चारों ओर की दीवारों पर चमकीले रंगों, मुख्य रूप से नीले और गुलाबी रंग के भित्ति चित्र बनाए गए थे, जो इतने चमकीले थे कि अंतरिक्ष से भी दिखाई देते थे। ऑनलाइन मानचित्रों में स्कूल को स्पष्ट रूप से इसी रूप में दर्शाया गया है और इसकी एक आसानी से सुलभ वेबसाइट है, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और प्रशासकों के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध है। युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानून उन संरचनाओं, वाहनों और व्यक्तियों पर हमले प्रतिबंधित करता है जो सैन्य लक्ष्य या लड़ाके नहीं हैं। आम तौर पर नागरिक आवास, स्कूल, चिकित्सा सुविधाएं और सांस्:तिक स्थल सैन्य हमलों के दायरे से बाहर होते हैं। वाशिंगटन स्थित गैर–लाभकारी थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल की वरिष्ठ वकील एलिस बेकर ने कहा कि किसी स्कूल का वैध सैन्य लक्ष्य के निकट होना, उसे नागरिक स्थल के रूप में उसकी स्थिति नहीं बदलता। ऐसा लगता तो नहीं, लेकिन जिस तरह से अमेरिका में इसका विरोध हो रहा है तो शायद ऐसा हो सके. मगर फिर भी इसकी संभावना कम है। जिनेवा कन्वेंशन (1949) घायल/बीमार सैनिकों, युद्धबंदियों , और नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करती हैं। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के 1998 के रोम विधान (रोम संविधि) का अनुच्छेद 8, युद्ध अपराधों को चार मुख्य श्रेणियों में परिभाषित करता है, जिसमें जिनेवा सम्मेलनों का उल्लंघन शामिल है। आईसीसी द्वारा दी जाने वाली अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। इसके अलावा, अपराध की गंभीरता के आधार पर, यह जुर्माना या अस्थायी कारावास भी हो सकता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट और तदर्थ अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण इन मामलों की सुनवाई करते हैं। अपराध के प्रकाररू इनमें जानबूझकर की गई हत्याएं, अत्याचार, यातना, नागरिकों को निशाना बनाना, बलात्कार, और अवैध निर्वासन शामिल हैं। जेनेवा संधियों के तहत, हर देश को अपने कानूनों के अनुसार युद्ध अपराधियों पर मुकदमा चलाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# केंद्र का दिशा-निर्देश

इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए।

पूरे भारत को अपनी विचारधारा के रंग में ढालने की मुहिम में जुटी नरेंद्र मोदी सरकार को ऐसे कदमों पर हो रही प्रतिक्रियाओं को लेकर अवश्य सचेत रहना चाहिए। इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि सरकार असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए। इस हफ्ते ऐसी दो घटनाएं हुईं, जिन्हें केंद्र के अति–उत्साह की प्रतिक्रिया समझा जाएगा।

बीते 28 जनवरी को केंद्र ने दिशा–निर्देश जारी कर राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाना और वंदे मातरम के सभी छह स्तोत्र गाना अनिवार्य कर दिया था। गुजरे मंगलवार को नगालैंड विधानसभा ने इस मुद्दे को प्रवर समिति को भेजने का फैसला किया कि क्या ये दिशा–निर्देश उस राज्य पर भी लागू होता है। इसके पहले बजट सत्र की शुरुआत पर पहली बार गन–गण–मन से पहले सदन में वंदे मातरम गाया गया। उस पर भाजपा को छोड़ सभी दलों के सदस्यों ने आपत्ति जताई। उनमें सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दल भी हैं, हालांकि ये गठबंधन केंद्र में सत्ताधारी एनडीए का हिस्सा है। कई सदस्यों ने कहा कि इस मामले से ष्संवैधानिक एवं अंतरात्मा से संबंधितष सवाल खड़े हुए हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र का दिशा–निर्देश देशभक्ति और एकरूपता का घालमेल करता मालूम पड़ा है।

इस बीच रेलवे स्टेशनों पर अन्य लिपियों में हिंदी शब्द लिखने को लेकर तमिलनाडु में विवाद गरमा गया है। बुधवार को तिरुचि स्टेशन पर अधिकारियों ने हिंदी, अंग्रेजी, और तमिल में लिखे कर्त्तव्य–द्वार शब्द को हटा दिया। कहा कि ऐसा जन भावनाओं का ख्याल करते हुए किया गया है। इसके पहले डीएमके समर्थकों ने गेट पर बने मेहराब पर लिखे इन शब्दों पर कालिख पोत दी थी। मुख्यमंत्री एम।के। स्टालिन ने इसे श्एक भाषा, तीन लिपिय नीति बताते हुए इस पर कड़ा एतराज जताया था। संकेत हैं कि तमिलनाडु में अब अन्य जगहों पर भी हिंदी विरोधी समूह इस मुद्दे पर विरोध जताने की तैयारी में हैं। ऐसी हर घटना राष्ट्रीय मेलजोल की भावना में पेच डालती है। अतरू उचित यही होगा कि इन पर अविलंब ध्यान दिया जाए।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, बाइक सवार युवक घायल लखनऊरेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो



महमूदाबाद, सीतापुर। जनपद के महमूदाबाद क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। श्री कुबेर/अतरौली आलू स्टोर के पास एक तेज रतार कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे नाजुक हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर करीब 12.30 बजे हुआ। महमूदाबाद मार्ग पर एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार जा रही थी, तभी अचानक उसका टायर फट गया। टायर फटने के बाद चालक ने जैसे ही ब्रेक लगाने की कोशिश की, कार ने अपना संतुलन खो दिया और सड़क पर पलटते हुए किनारे जा गिरी। इसी दौरान, विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार आकाश कुमार (18 वर्ष) पुत्र रामाधार, निवासी शेखपुर बिलौली, कार की सीधी चपेट में आ गए। इलाज के लिए लखनऊ रेफर टक्कर इतनी जोरदार थी कि आकाश के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आकाश की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवाया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# रेउसा में हिस्ट्रीशीटर का पेड़ से लटकता मिला शव, इलाके में फैली सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

रेउसा, सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानपुर सीकरी के मजरा लोनियन पुरवा में मंगलवार सुबह एक हिस्ट्रीशीटर का शव पेड़ से लटकता पाए जाने पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे जब ग्रामीण अपने खेतों की ओर निकले, तो उन्होंने गांव के पास एक पेड़ से युवक का शव लटकते देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर रेउसा पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई।



पुलिस की प्राथमिक जांच में मृतक की पहचान लोनियन पुरवा निवासी रामजीवन उर्फ बुचाऊ के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार रामजीवन इलाके का एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी था। उस पर जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय से फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एक हिस्ट्रीशीटर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में तरह–तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। यह हत्या है या आत्महत्या, पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है। फिलहाल गांव में तनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# डिप्टी सीएम का छापा, लाइन में लगकर काटा पर्चा

## – बदहाली देख बिफरे ब्रजेश पाठक



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार को अपने पुराने तेवर में नजर आए। स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। डिप्टी सीएम के अचानक अस्पताल पहुँचने से वहां मौजूद स्टाफ में हड़कंप मच गया और अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया। आम आदमी की तरह लाइन में लगे मंत्री निरीक्षण की शुरुआत में ही उपमुख्यमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़कर सबको चौंका दिया। वे सीधे पर्चा काउंटर पर जा पहुंचे और मरीजों के साथ लाइन में लग गए। वहां उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की सुविधाओं और कर्मचारियों के व्यवहार का फीडबैक लिया। गंदगी और अव्यवस्था पर बरसी गाज करीब 42 मिनट तक चले इस सघन निरीक्षण में अस्पताल की पोल खुलती नजर आई। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम को जो खामियां मिलीं, वे बेहद चौंकाने वाली थीं गंदी चादरेंरू वार्डों में मरीजों के बेड पर बिछी मैली चादरें देखकर ब्रजेश पाठक ने गहरी नाराजगी जताई और सीएचसी अधीक्षक की जमकर क्लास लगाई। वेतन रोकने के निर्देशरू साफ–सफाई में भारी लापरवाही बरतने वाले एक संविदाकर्मी क्लीनर का एक माह का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया गया। बंद मिला एक्स–रे रूमरू निरीक्षण के दौरान एक्स–रे की सुविधा ठप मिली। जब जवाब तलब किया गया, तो पता चला कि जनरेटर न चलने के कारण मशीन बंद है। इस पर मंत्री ने अधीक्षक को सख्त चेतावनी दी। ष्मरीजों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर इलाज देना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ष . ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री अधिकारियों को सख्त अल्टीमेटम निरीक्षण के अंत में उन्होंने स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त की जाएं। उन्होंने साफ किया कि अगर भविष्य में ऐसी खामियां दोबारा पाई गईं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस औचक निरीक्षण के बाद से जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी खलबली मची हुई है। अब देखना यह है कि मंत्री की इस शफटकारश के बाद सिधौली सीएचसी की सूरत कितनी बदलती है।

# ड्रोन प्रशिक्षण शिविर का समापन, कैडेट्स ने दिखाया आत्मविश्वास

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। 22 वीं यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित ड्रोन प्रशिक्षण सिविल कैंप का अंतिम दिन उत्साह, उपलब्धियों और नई सीख के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर एनसीसी कर्नल राजकुमार एच सिंह के संरक्षण में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कैडेट्स एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। पूरे शिविर के दौरान कैडेट्स को आधुनिक ड्रोन तकनीक की गहन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ड्रोन के विभिन्न हिस्सों की पहचान, उसे असेंबल करने की प्रक्रिया, सुरक्षित उड़ान के नियम, तथा निगरानी, सर्वेक्षण और आपदा प्रबंधन में उसके उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को व्यावहारिक रूप से सिखाया गया। प्रतिभागियों ने स्वयं ड्रोन को तैयार कर उसे सफलतापूर्वक उड़ाने का अभ्यास भी किया, जिससे उनके तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली।



शिविर का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। इस दौरान कैडेट्स को प्रतिदिन नई–नई तकनीकों का अभ्यास कराया गया, जिससे उनमें नवाचार की सोच और तकनीकी समझ विकसित हुई। प्रशिक्षण ने न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया। समापन दिवस पर कार्यक्रम को विशेष रूप से गरिमामय बनाया गया, जब ब्रिगेडियर अमित कुमार चंद, शौर्य चक्र, डीडीजी, एनसीसी निदेशालय (उत्तर प्रदेश), लखनऊ ने शिविर का निरीक्षण किया। उनके समक्ष कैडेट्स ने शानदार ड्रोन डेमो और आकर्षक ड्रोन शो प्रस्तुत किया। कैडेट्स की सटीकता, अनुशासन और समन्वय को देखकर ब्रिगेडियर ने उनकी भूरी–भूरी प्रशंसा की और इसे भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने कैडेट्स के उत्साह, अनुशासन और सीखने की लगन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं को नई दिशा देते हैं और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर एनसीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह ड्रोन प्रशिक्षण शिविर न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणादायक भी सिद्ध हुआ, जो उन्हें भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# बीआरसी पर शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम और द्वितीय बैच का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन एवं नामांकन हेतु संचालित तीन दिवसीय



शशारदाश प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम बैच का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 185 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण समापन सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह ने कहा कि शशारदाश कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष की आयु के उन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश स्कूल छोड़ चुके हैं या जिनका कभी नामांकन नहीं हुआ। एआरपी अमित शुक्ल ने शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और यह बताया कि किस प्रकार आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन करते हुए उनको गतिविधि शिक्षण से शिक्षित करना है। एआरपी सौरभ मिश्र ने हिंदी विषय की बारीक शिक्षण विधाओं से प्रतिभागियों को परिचित कराया। एआरपी राजर्षी सिंह ने उच्च प्राथमिक स्तर के छात्रों के अंदर विज्ञान विषय की रोचकता लाने के लिए विभिन्न तरीकों पर चर्चा की। एआरपी प्रज्ञा तिवारी ने अंग्रेजी विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही साथ निम्न बिन्दुओं पर भी व्यापक चर्चा हुई। चिन्हित बच्चों को उनकी आयु के अनुसार उचित कक्षा में नामांकित करने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। शारदा पोर्टल पर डेटा फीडिंग और ट्रैकिंग की बारीकियों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन संदर्भदाताओं ने शिक्षकों की शंकाओं का समाधान किया। उपस्थित शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के अधिकार से जोड़ेंगे और शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल लाना ही हमारे इस अभियान की सफलता है। इस प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अधिक ऊर्जा के साथ क्षेत्र में कार्य कर सकेंगे इस दौरान ब्लॉक क्वालिटी कॉर्डिनेटर प्रियंका सिंह, वरुण तिवारी, पवन सिंह, लवलेश शुक्ला, गौरव मिश्रा, हर्षित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संकुल धरैंचा की मासिक संकुल शिक्षक बैठक सम्पन्न

## - दायित्वों के प्रति सजग रहने का आह्वान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। ब्लॉक के संकुल धरैंचा की मासिक संकुल शिक्षक बैठक कंपोजिट विद्यालय परागपुर में आयोजित की गई, जिसमें संकुल के 23 विद्यालयों से शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक निर्धारित समय एवं एजेंडे के अनुसार संपन्न हुई। बैठक के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, टीएलएम प्रदर्शन, निपुण प्लस, मूल्यांकन, डीबीटी, स्मार्ट क्लास, उल्लास एवं बच्चों की उपस्थिति जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। अनुपस्थित बच्चों से संपर्क कर विद्यालय से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। नोडल संकुल शिक्षक काजिम हुसैन ने शिक्षकों से अपने कार्यों और दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहने का आह्वान किया। बैठक का संचालन विद्यालय प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार मिश्र ने किया। संकुल शिक्षकों द्वारा जोर देकर कहा गया कि प्रत्येक विद्यालय में निपुण आंकलन शत प्रतिशत होना अनिवार्य है और 25 मार्च को प्रत्येक विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया जाए तथा ड्रॉप आउट बच्चों तथा अधिक अनुपस्थित रहने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बुलाकर कार्यक्रम में सम्मानित करके विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा जारी 21 बिंदु की एसओपी के अनुरूप कार्य करने की अपील की गई। जबकि नोडल एआरपी संजीव पटेरिया ने भी अधिक आवश्यकता वाले बिंदुओं तथा वार्षिक परीक्षा पर चर्चा की।बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि अप्रैल 2026 की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय धरैंचा में आयोजित की जाएगी। संकुल शिक्षक हसन जमाल रिजवी, मुदित पाण्डेय ,एजाज अहमद, काजिम हुसैन के द्वारा डीसीएफ भी भरा गया जबकि मोहम्मद यूसुफ अवकाश पर थे लेकिन डीसीएफ उनके द्वारा भी भरा गया। साथ ही पूर्व संकुल शिक्षक अंजू ने भी विचारों का साझा किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा और बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत





गीत भी प्रस्तुत किया जबकि प्रधानाध्यापक अरविन्द मिश्र द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सेवराई में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर बवाल

## - ग्रामीणों ने हाथ से उखाड़ी पिचय जांच की मांग तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील क्षेत्र के भदौरा. महना मार्ग पर हाल ही में निर्मित





सड़क की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लाखों रुपये की लागत से बनी यह सड़क महज एक महीने के भीतर ही जगह–जगह से उखड़ने लगी, जिससे नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हाथ से ही सड़क की पिच उखाड़ दी और निर्माण कार्य की पोल खोल दी। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की खुलकर अनदेखी की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क इतनी कमजोर बनाई गई है कि हल्के दबाव में ही उसकी परत उखड़ जा रही है। इसको लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने कार्यदाई संस्था, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक्सईएन और अवर अभियंता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा सरकारी धन की जमकर लूट–खसोट की गई है। उन्होंने मांग की कि ठेकेदार की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि इससे पहले भी मिश्रवलिया सेवराई माइनर पर बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। उस समय भी निर्माण कार्य में गड़बड़ी के आरोप लगे थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत के चलते मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है और शिकायतों पर लीपापोती की जा रही है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन संतोष कुमार वैष्णवी ने बताया कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है। फिलहाल, सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठे इस विवाद ने विभागीय कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मिश्रिख में मनरेगा बचाओ यात्रा का समापन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। कांग्रेस पार्टी द्वारा सुनीता चौधरी के नेतृत्व में आयोजित मनरेगा बचाओ यात्रा का समापन आज मिश्रिख में हुआ। यह यात्रा मछरेहटा ब्लॉक के परसदा गांव से शुरू होकर गोंदलामऊ ब्लॉक के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए मिश्रिख क्षेत्र के कई गांवों में पहुंची। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद मिश्रिख स्थित डाक बंगला में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। बैठक के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का शीघ्र भुगतान, जॉब कार्ड बनाने में आ रही समस्याओं का समाधान तथा अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही ज्ञापन में वर्तमान में हो रही गैस सिलेंडर की किल्लत को जल्द से जल्द दूर करने, आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब और मजदूर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन वर्तमान में कई जगहों पर इसके क्रियान्वयन में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से योजना को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की, ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका पूरा लाभ मिल



सके। इस मौके पर अनुपम राठौर (सांसद प्रतिनिधि, कांग्रेस पार्टी सीतापुर), हसीना खातून, आंशू शुक्ला, मनोज अग्रवाल, रामआसरे राठौर,रमेश यादव, ब्रजकिशोर राठौर, जितेंद्र सक्सेना, प्रेम यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय पदाधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा से जुड़ी समस्याओं के समाधान और जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की तथा प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

# भव्यता से हुआ सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो





फिरोजाबाद। एसआरके (पीजी) कांलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई द्वारा मंगलवार को सेण्ट आरएल स्कूल गाजीपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और लक्ष्य गीत गाकर की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी बृजेंद्र मिश्रा ने शिविर के गत छह दिनों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी रितु शर्मा ने सामाजिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास तथा युवाओं को अधिकारो के प्रति जागरूकता और कर्तव्य पालन हेतु आह्वान किया।तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सांस्तिक कार्यक्रमो के अन्तर्गत लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें उन्होंने नशा मुक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) रवि माहेश्वरी ने सामुदायिकता के माध्यम से समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा हेतु स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा शिविर में आत्मसात किए गए ज्ञान को समाज के प्रति संकल्पित करने का आह्वान किया। तत्पश्चात प्राचार्य जी द्वारा शिविर में सराहनीय सेवा कार्य के लिए स्वयंसेवकों को पुरस्त किया गया। इस अवसर पर सन्त आर०एल० गाजीपुर विद्यालय के प्रबंधक श्री गया प्रसाद भारद्वाज, श्री अवधेश भारद्वाज तथा महाविद्यालय के प्रोफेसर शहरयार अली, प्रोफेसर प्रशांत अग्रवाल, डॉ संतोष यादव, डॉ अमित शर्मा, डॉ नित्य प्रकाश, डॉ व्योमेश यादव, डॉ आलोक कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद व संतोष कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मेला तीज महोत्सव में जन सांस्कृतिक परिषद ने किया अश्वनी का स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो



सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर की ऐतिहासिक विरासत मेला तीज महोत्सव के अंतर्गत जन सांस्तिक परिषद के तत्वाधान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित करने पर जन सांस्तिक परिषद सिरसागंज के पदाधिकारियों एवं नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष द्वारा उन्हें पटका पहनाकर एवं मोमेंटो प्रदान करके भव्य स्वागत किया गया। उनकी इस सफलता पर सिरसागंज के समस्त जनमानस में हर्ष का संचार रहा। अंशुल खंडेलवाल ने समस्त जनमानस को बताया कि अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रंजना सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि अश्वनी कुमार जैन का में माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए प्रथम राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयन होना नगर सिरसागंज के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। जन सांस्तिक परिषद सिरसागंज के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा ने जैन के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने जन सांस्तिक परिषद सिरसागंज एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रंजना सिंह एवं डॉ गुरुदत्त सिंह का आभार एवं पूर्वजों को नमन व्यक्त किया। उन्होंने इसका श्रेय अपने परिवार माता पिता, पत्नी पूनम जैन, अर्चित, पावनी जैन के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, मित्रों, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग को प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ गुरुदत्त सिंह, योगेश गुप्ता, दीपक जादौन, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजीव यादव, नितिन सिंह, महेश गर्ग, आचार्य शिवम गुप्ता, देव शरण आर्य, राहुल गुप्ता आदि के साथ सैकड़ों जनमानस उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मलेन का आयोजन भगवान मानव कल्याण समिति के द्वारा किया गया जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों, महिलाओं को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न हेल्प लाइन नंबर 181, 1090, 1076, 112, 1930 की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया तथा साथ ही विभाग की योजनाओं से संबंधित पोस्टर जनमानस को जागरूक करने हेतु लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति रुद्र प्रताप सिंह, हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन से जिला मिशन समन्वयक अर्चना राय, जेंडर स्पेशलिस्ट राखी राय, तृप्ति राय, शाहबाज अली, संस्था निदेशक पूनम सिंह, संस्था प्रमुख रमेश चन्द्र, महिला थाना से ऋचा सोनी, महिला थाना प्रभारी यशोदा एवं समस्त टीम ब्लाक प्रमुख तथा भगवान मानव कल्याण समिति की समस्त टीम एवं सम्मानित महिलाएँ उपस्थित रहीं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्मे वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
**फैसल चश्मे वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# नगर पंचायत रूपईडीहा में के तीन सभासद मनोनीत

## - आमजन में उत्साह की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो /रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा में उत्तर प्रदेश प्रदेश शासन के मनसा के अनुरूप प्रदेश के राज्यपाल द्वारा तीन नए सभासदों के मनोनयन की घोषणा के बाद क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है। रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा की माता पार्वती वर्मा, रतन अग्रवाल और काली प्रसाद गुप्ता को सभासद पद पर नामित किया गया है, जिसे स्थानीय स्तर पर सराहनीय कदम माना जा रहा है। इन नामों के सामने आते ही नगर में चर्चा तेज हो गई और विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया। आम नागरिकों का कहना है कि तीनों ही व्यक्तित्व लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देते आए हैं। स्थानीय जानकारों के अनुसार, यह मनोनयन केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों को आगे लाने की पहल है। लोगों को उम्मीद है कि नए सभासद नगर की मूलभूत समस्याओं जैसे साफ–सफाई, नागरिक सुविधाएं और विकास कार्यों पर विशेष ध्यान देंगे। इस अवसर पर समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र में नई ऊर्जा और विकास की गति को बढ़ावा देगा। रूपईडीहा पत्रकार संघ के सभी साथियों ने अपने अध्यक्ष को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें कोटिश बधाई दी है। इसी के साथ ही, नव–नामित सभी सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना भी की है। इस अवसर पर नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने अपने कार्यालय में सभी मनोनीत सभासदों को अंगवस्त्र देकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं ज्ञापित की है।

# हज यात्रियों को उपलब्ध करायी जायेगी स्मार्टवाच

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज–2026 की यात्रा के सम्बन्ध में उ.प्र. राज्य हज समिति द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा तीसरी एवं अन्तिम किश्त के रुप में जमा की जानी वाली धनराशि में कैटरिंग की धनराशि सम्मिलित नहीं होगी। जो हज यात्रियों को बाद में जमा करनी होगी। हज 2026 में मक्के में स्वयं बिल्डिंग में किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है सभी हज यात्रियों को कैटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत खान–पान उपलब्ध करायी जायेगी। जिसके लिए हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई एक कामन फूड का चयन कैटरिंग सेवा हेतु विचार किया जा रहा है। मो. खालिद ने बताया कि हज 2026 में जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल पर बुकिंग उपरान्त प्रपत्रों के वितरण के समय एक स्मार्टवाच भी उपलब्ध करायी जायेगी। यह स्मार्टवाच डाटा केबिल से रिचार्ज होगी। जिसे हज यात्रा हेतु प्रस्थान करने उपरान्त प्रत्येक हज यात्री को अपनी कलाई पर पहनना आवश्यक होगा। इस स्मार्टवाच में यात्री के यात्रा से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा। स्मार्टवाच इण्डिया में काम नही करेगी सऊदी अरब पहुंचने उपरान्त ही स्वतः एक्टिवेट हो जायेगी। यह स्मार्टवाच जीपीएस से कनेक्ट होगी जिससे यात्री के बिछड़ जाने अथवा किसी अन्य समस्या होने पर इसमें लगे बटन को यात्री द्वारा दबाते ही सीधे कन्ट्रोल रुम में सिगनल पहुंच जायेगा। जिससे यात्री की सही लोकेशन पत्ता लगाने उपरान्त उसकी समस्या निवारण किया जाना सम्भव हो सकेगा। हज यात्रियों को अपनी स्मार्टवाच की चार्जिंग पूर्ण रखने का सुझाव दिया गया क्योंकि स्मार्ट वाच के डिस्चार्ज होने पर यह कार्य नहीं करेगी जिससे यात्री को आवश्यकता पड़ने पर असुविधा होगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी हज यात्रियों को उड़ान तिथि आवंटित हो चुकी है। यात्रियों को उड़ान तिथि से दो दिवस पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुंचकर अपनी लाइट की बुकिंग कम्फर्म कराना आवश्यक होगा। बुकिंग कर्न्फमेशन हेतु यात्री अपने सगे–सम्बन्धी को भेजकर भी करा सकते हैं परन्तु उड़ान तिथि से 24 घण्टे पूर्ण यात्री को उड़ान स्थल पहुंचना होगा। यात्रा से सम्बन्धित प्रपत्र सम्बन्धित यात्री को उपलब्ध कराये जायेंगे। हज 2026 हेतु चयनित हज यात्रियों से पासपोर्ट पहले से जमा नहीं कराये गये हैं बुकिंग के समय प्रत्येक हज यात्री को अपना पासपोर्ट लाना आवश्यक होगा। यात्रियों को स्वयं यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि उनका पासपोर्ट डैमेज श्रेणी के अन्तर्गत न हों अन्यथा यात्रा बाधित हो जायेगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित हज यात्री का ही होगा। प्रत्येक हज यात्री को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर हज सुविधा एप एवं नुसुक एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। बिना नुसुक एप के मदीने में रियाजु जन्नाह हेतु पंजीकरण सम्भव नहीं होगा। जिन हज यात्रियों ने अपने नम्बर के स्थान पर किसी अन्य सगे–सम्बन्धीध्एजेण्ट का नम्बर अंकित कर रखा है उन्हें सुझाव दिया गया है कि अपना नम्बर रजिस्टर्ड करा लें अन्यथा हज यात्री को हज यात्रा के दौरान असुविधा होगी।

# एकी.त बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। राजकीय पौधशाला, सिविल लाईन के प्रांगण में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस में गोष्ठी का शुभारम्भ के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मॉ सरस्वती चित्रण के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी .षकों को योजनान्तर्गत एकी.त बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत फलों, सब्जियों, मसाला फसलों की खेती पर अनुमन्य अनुदान के बारे में जानकारी दी गयी एवं पर ड्रॉप मोर क्रॉप–माइक्रोइरीगेशन योजनाष् के अन्तर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई सिस्टम लगाकर सिंचाई जल में 50 से 60 प्रतिशत तक जल की बचत करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अन्तर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई सिस्टम के द्वारा सिंचाई करने से ऊॅची–नींची भूमि में भी आसानी से सिंचाई हो जाती है, फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है। इसलिए अधिकाधिक .षक अपनी फसलों में ड्रिपध स्प्रिंकलर सिंचाई सिस्टम अवश्य लगवायें। डॉ0 सुभाष चन्द्र शर्मा, उद्यान वैज्ञानिक के द्वारा किसानों को बताया गया कि आलू एवं गेंहू की फसल के बाद खाली खेतों की जून के माह में गहरी जुताई करें। जिससे धूप में हानिकारक कीट नष्ट हो जायें तथा जुलाई में होने वाली वर्षा का जल भूमि में संचित हो सके। डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव, प्रधान वैज्ञानिक, .षि विज्ञान केन्द्र (से0नि0) द्वारा किसानों को ड्रिप सिंचाई सिस्टम से आलू की अच्छी गुणवत्तायुक्त पैदावार होने के बारे में जानकारी दी गयी तथा प्रा.तिक खेती पर जोर दिया। श्री देवी दयाल पुत्र श्री चरन सिंह, नगला केवल, वि0ख0–अरॉव के द्वारा एप्पल बेर, ड्रेगन फूड एवं नींबू वर्गीय फलों की बागवानी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। सचिन राजपूत पुत्र फौरन सिंह, ग्राम– सांती, वि0ख0– हाथवन्त के द्वारा गन्ना एवं सब्जियों तथा फलों की प्रा.तिक खेती से अधिक मुनाफा कमाने एवं बिना डी0ए0पी0, यूरिया व कीटनाशकों के प्रयोग के गोबर खाद एवं घन जीवामृत का प्रयोग करके अच्छे उपज लेने की जानकारी दी गयी। लोकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह, ग्राम नगला राधे, वि0ख0 मदनपुर द्वारा मटकी विधि से लौकी की जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। डा0 दीपा सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशुओं में लगने वाले रोगों एवं उनके उपचार के बारे में बताया गया। डा0 जे0सी0 शर्मा, फूड टेक्नोलोजिस्ट के द्वारा सब्जियों एवं फलों के प्रसंस्करण करने के बारे में बताते हुए कहा गया कि प्रसंस्.त उत्पाद की कीमत बहुत अधिक हो जाती है। आलू का चिप्स और भुजिया बना देने पर 10 गुना से अधिक कीमत पर बिकता है। सतेन्द्र कुमार, उप .षि निदेशक द्वारा उपस्थित किसानों को प्रा.तिक खेती के लिए उपस्थित किसानों को सलाह दी गयी तथा जनपद में फार्मर टू फार्मर एप्रोच कर किसानों से किसानों को प्रेरित करने के बारे में बताते हुए देवी दयाल, सचिन राजपूत एवं लोकेश कुमार की तरह प्रगति कर रहे किसानों से सीखने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नवोन्मेषी .षकों से तकनीकें सीखकर अच्छी खेती करने के बारे में बताया तथा खेती में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसके लिए .षि वैज्ञानिकों से उचित सलाह लेकर खेती में गुणवत्तायुक्त फसलों के उत्पादन कर आय में वृद्धि करने के लिए बताया गया। किसान गोष्ठी में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये तथा मंच संचालन डा0 जे0सी0 शर्मा, फूड टेक्नोलोजिस्ट के द्वारा किया गया। अन्त में अनीता सिंह, जिला उद्यान अधिकारी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# मजदूरों के समर्थन में उतरी कांग्रेस, विकास भवन में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मनरेगा मजदूर एवं ग्राम रोजगार सेवक की मजदूरी को लेकर विकास भवन में कांग्रेसियों द्वारा सरकार विरोधी नारेबाजी एवं धरना देते हुए मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि वर्तमान में केंद्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार है, कांग्रेस शासन में मजदूरों के चतुर्मुखी विकास को . ष्टिगत रखते हुए मनरेगा योजना का शुभारंभ किया गया था लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार ने अपनी कुलथित विचारधारा के चलते नाम को परिवर्तित करने के साथ–साथ उसके स्वरूप को भी बदल दिया गया। पूर्व में काम करने वाले मजदूर की मजदूरी तत्काल सुलभ कराई जाती थी लेकिन इस सरकार में जनपद ही नहीं वरन पूरे प्रदेश में मनरेगा मजदूरों की




मजदूरी एवं संविदा में काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवक का बकाया कई करोड़ शेष है, जो कई महीनों से भुगतान नहीं किया गया है, मजदूरों के सामने भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं, गरीब मजदूर जनपद से दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं, तत्काल मनरेगा मजदूरों की मजदूरी दी जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों में उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा रमेश चन्द्र कोरी ने कहा कि जनपद में करीब 8 माह से कई करोड़ों रुपया मनरेगा मजदूरों की मजदूरी एवं ग्राम रोजगार सेवक का भुगतान नहीं किया गया है, प्रशासन द्वारा इस दिशा में किसी प्रकार की कार्रवाई आज तक नहीं की गई है, अविलंब शासन को लिखा जाए और गरीब मजदूरों की मजदूरी मुहैया कराई जाए। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, सूरज बाजपेई, जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जितेन्द्र गौरव, अमित तिवारी, शोएब रिजवी, जिला सचिव बाबूराम यादव, सीमा बाबी, कालीचरण साहू, अम्बिका प्रसाद खेंगर, भइयालाल पटेल, मीरा धुरिया, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, राजबहादुर गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, सुनील चौरसिया पिप्पी, लालबाबू राजपूत, वीरेन्द्र धुरिया उपस्थित रहे।

# जरर गांव के पहाड़ में बन्दूको के साए में मानक के विरुद्ध खनन

## - पीडितों ने डीएम से की शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी कार्यालय से एक और मामला प्रकाश में आया है जहां पर पीड़ित ग्राम पिथौराबाद थाना गिरवाँ तहसील नरैनी के ग्रामीणों



ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है जिलाधिकारी जे० रीभा को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ितों ने बताया है कि गरीब किसान व्यक्ति हैं खेती बाडी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं, पीड़ित की पैत्रिक भूमि गांटा संख्या– 549 रकवा 0.5510 हैं जो ग्राम खोही परगना व तहसील नरैनी स्थित हैं, इसी खेत की सीमा से लगा हुआ पहाड़ हैं, पहाड़ का गांटा संख्या 2450, 2451 हैं जो ग्राम जरर परगना व तहसील नरैनी में स्थित हैं, पहाड़ पर खनन कार्य निरन्तर संचालित हैं, जिसमें मानक के विरूद्ध खनन कार्य व 4 इंची होल ब्लास्टिंग से बेशुमार पत्थरों व धूल के कण चिटक कर खेतो में गिरने व जहरीली गैसों से प्रार्थीगण के खेतों में बोई गयी फसलें नष्ट हों जाती हैं। साथ ही अवैध होल ब्लास्टिंग से खेतों में .षि कार्य के दौरान पत्थरों की बारिस से पीड़ितगण कई बार चुटहिल हो गयें हैं, और हमेशा जीवन में खतरा बना रहता हैं, ब्लास्टिंग से उछलें पत्थर से पीड़ित गणों के पालतु गाय बछड़ों की मृत्यु होने का सख्त खतरा ब्याप्त हैं। पहाड़ में मानक विरूद्ध किये जा रहें खनन कार्य होल ब्लास्टिंग पाताल व करके पत्थर निकालने से पाताल में अत्याधिक पानी होने के कारण खनन माफिया मशीनों द्वारा पानी निकालतें हैं, वह पानी पीडितगणों के खेतों में भर जाता हैं, जिससे खेती बाडी करने में समस्या उत्पन्न होती हैं,। अगर खेतों में फसले बोई गयी होती हैं, तो जल भराव होने के कारण फसले सड़ कर नष्ट हो जाती हैं, पिछले कई सालों से पीडितगणो की फसले नष्ट हो रही हैं। जिसमे पीडितगणों का परिवार भुखमरी के साथ ही आर्थिक संकट से जूझ रहा हैं, इसलिए पहाड़ में नियम व मानक विरूद्ध किये जा रहे ब्लास्टिंग व अवैध खनन कार्य व जल निकासी को तत्काल रूकवाया जाना पीडितो के हित में आवश्यक हैं। पीडितो द्वारा विरोध करने पर खनन माफियाओं के गुर्गे जो बन्दूखों से लैश रहतें हैं। पीड़ितो के साथ बुरी–बुरी गाली गलौज मारपीट व जान से मारनें की धमकी देतें हैं, बन्दूकधारी गुर्गे बोलतें हैं कि अगर तुम लोगों ने पहाड़ खनन के बावत शिकायती लिखा पढ़ी की तो ट्रक से कुचलकर लाश गायब करवा देगें जिससे पीड़ितगण उक्त दंबग खनन माफिया व उनके गुर्गो से बहुत ही डरे सहमें व भयभीत हैं। पीडितगणो की मांग है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जांच करवाकर माफियाओं के खिलाफ शक्त से शक्त कानूनी कार्रवाई करें।

# राज्य सरकार के सर्वांगीण संरक्षण, गोवंश की सुरक्षा से सशक्त आत्मनिर्भर हुए पशुपालक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश जैव विविधता के साथ–साथ पशुधन के मामले में भी देश का एक अग्रणी राज्य है, जहाँ वर्तमान में गोवंश, महिषवंश, भेड़, बकरी और सूकर की विशाल संख्या मौजूद है। वर्ष 2024–25 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश 388.15 लाख मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ देश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है और यहाँ प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता औसत 450 ग्राम प्रतिदिन तक पहुँच गई है। पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन के सर्वांगीण विकास और .षकों के हित में कई अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। पशु चिकित्सा सेवाओं को सु.ढ़ करने के लिए प्रदेश में विकास खंड से तहसील स्तर तक 2202 पशु चिकित्सालय कार्यरत हैं। साथ ही, भारत सरकार की योजना के अंतर्गत पहली बार मोबाइल वेटनरी यूनिट की स्थापना की गई है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पूरे प्रदेश में 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट संचालित हैं जो प्रति एक लाख पशुधन पर पशु चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित कर रही हैं। नस्ल सुधार की दिशा में उत्तर प्रदेश पशु प्रजनन नीति–2018 के माध्यम से त्वरित प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें पारंपरिक विधि के अलावा सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक पर जोर दिया जा रहा है ताकि 90 प्रतिशत तक मादा संतति प्राप्त हो सके। इसके लिए प्रदेश में दो विशिष्ट प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जा रही हैं। 'मिशन मिलियन' के अंतर्गत 10 लाख गोवंशीय पशुओं के .त्रिम गर्भाधान का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से तीन लाख से अधिक का कार्य पूर्ण हो चुका है। पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपये के बजट के साथ पशुधन बीमा योजना लागू की गई है, जिसमें एक पशुपालक के 25 पशुओं तक को कवर किया गया है। चारे की समस्या के स्थायी समाधान हेतु उत्तर प्रदेश चारा एवं पशु आहार नीति (2024–2029) प्रख्यापित की गई है। इसके तहत गौशालाओं से जुड़ी भूमि पर हरा चारा उगाने के लिए 6. 50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और नैपियर घास के प्रसार के लिए नैपियर सीड बैंक तैयार किए जा रहे हैं। दुग्ध विकास के क्षेत्र में उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए गोकुल और नंद बाबा जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। गोकुल पुरस्कार के माध्यम से जनपद और राज्य स्तर पर सर्वाधिक दूध विक्रय करने वाले उत्पादकों को नकद धनराशि और प्रतीक चिन्ह दिए जाते हैं। स्वदेशी गौवंश के पालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नन्द बाबा पुरस्कार दिया जा रहा है। इन सबसे पशुपालकों का सम्मान और उत्साह का संचार हुआ है। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 के कारण राज्य में 550 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है, जिससे दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में भारी वृद्धि के साथ–साथ रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट में इसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के माध्यम से 1000 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश को डेयरी क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने का लक्ष्य है, जिसके तहत नन्दिनी .षक समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ–संवर्धन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित हैं। सहकारी डेयरी क्षेत्र को मजबूती देने के लिए पीसीडीएफ का सु.ढ़ीकरण किया जा रहा है, जिसमें कानपुर, कन्नौज और गोरखपुर के डेयरी प्लांट को संचालन हेतु एनडीडीबी को लीज पर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मेरठ, बांदा, झांसी और मथुरा में नई क्षमता के डेयरी प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। आगामी वर्षों में हजारों नए राजस्व ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित करने का लक्ष्य है, जिससे लाखों दुग्ध उत्पादकों को उनके गाँव में ही दूध का उचित मूल्य मिल सके। पराग ब्रांड के व्यापक प्रचार–प्रसार और विपणन व्यवस्था को आधुनिक बनाकर सरकार पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने तथा प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सु.ढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# वरिष्ठ आईपीएस संतोष सिंह सीआईएसएफ के बने डीआईजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। गाजीपुर के सपूत व छत्तीसगढ़ कैडर के 2011 बैच के आईपीएस संतोष सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। उन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में डीआईजी के पद पर डेपुटेशन मिली हैं। वर्तमान में संतोष सिंह पुलिस मुख्यालय में डीआईजी सीसीटीएनएस एससीआरबी के पद पर पदस्थ हैं। बता दे अवैध नशे के खिलाफ आईपीएस संतोष सिंह के निजात अभियान के चलते उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईएससीपी अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका हैं। मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने आईपीएस संतोष सिंह की डेपुटेशन को मंजूरी देते हुए इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने इसके आदेश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में उन्होंने आईपीएस सिंह को तत्काल नई जिम्मेदारी पर ज्वाइन करने के लिए रिलीव करने को कहा हैं। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल केंद्र की सुरक्षा एजेंसी है जो न केवल केंद्र के औद्योगिक संस्थानों की सुरक्षा करती है,बल्कि यह एयरपोर्ट,परमाणु संयंत्र संस्थानों, सरकारी इमारतों और देश की संसद की भी सुरक्षा करती है। हाल ही में इसे बंदरगाहों की सुरक्षा का भी जिम्मा सौंपा गया है। केंद्र के इस अर्धसैनिक बल की स्थापना के समय (1968 स्थापना वर्ष) केवल 3,129 कर्मियों के साथ अपनी मामूली शुरुआत से, यह बल 2.20 लाख कर्मियों की एक विशाल शक्ति के रूप में विकसित हो गया है, जो देश के लगभग सभी राज्यों में तैनात है। यह बल जनता से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सुरक्षा एजेंसियों में से एक है, जिसका हवाई अड्डों, मेट्रो स्टेशनों और विरासत स्थलों पर व्यापक जन संपर्क है, जिन्हें केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल वर्तमान में 70 हवाई अड्डों सहित 361 महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करता है। इसे भारत के संसद भवन की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्र की महत्वपूर्ण संपत्तियों की अत्याधिक दक्षता के साथ सुरक्षा के अपने निरंतर प्रयासों के माध्यम से, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने जनता का अपार विश्वास अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, बल किसी भी सुरक्षा आपात स्थिति से निपटने के लिए 12 रिजर्व बटालियन हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा में सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस (6 मार्च 2026) पर घोषणा की कि देश के सभी प्रमुख बंदरगाहों की सुरक्षा अब सीआईएसएफ संभालेगी। छत्तीसगढ़ कैडर के 2011 बैच के आईपीएस संतोष सिंह पुत्र अशोक कुशवाहा वरिष्ठ पत्रकार जो गाजीपुर देवकली के रहने वाले हैं। संतोष सिंह ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू), वाराणसी से राजनीति–शास्त्र में बीए और एमए, ग्रेजुएशन में यूनिवर्सिटी टॉपर और पीजी के दौरान गोल्ड–मेडलिस्ट, यूजीसी नेट–जेआरएफ उत्तीर्ण, अंतर्राष्ट्रीय संबंध विषय में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नई दिल्ली से एम.फिल, दुर्ग विश्वविद्यालय से संयुक्त राष्ट्र के शांति–निर्माण कार्यों पर पीएचडी किया है। छत्तीसगढ़ के नौ विभिन्न जिलों– रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, राजनांदगांव, कोरिया, रायगढ़, महासमुंद, नारायणपुर व कोंडागांव जिलों में एसपी/एसएसपी के रूप में पदस्थ रहे। पूर्व में सुकमा में एएसपी और दुर्ग में सीएसपी के पद पर सेवाएं दीं। सामुदायिक पुलिसिंग में विशेष अभिरुचि और नक्सल जिलों में पदस्थापना दौरान नक्सलियों के आत्मसमर्पण, गिरतारी और एनकाउंटर में योगदान रहा। हासमुंद जिले में बाल–हितैषी पुलिसिंग के लिए उपराष्ट्रपति द्वारा चौंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड, रायगढ़ जिले में संवेदना अभियान के लिए फिक्की स्मार्ट



पुलिसिंग पुरस्कार और इंडिया पुलिस अवार्ड, कई जिलों में चर्चित नशा–विरोधी कार्यवाही व जागरूकता अभियान, निजात चलाया, नशा विरोधी अभियान, निजात के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ चीस ऑफ पुलिस से आईएसीपी अवार्ड, निजात अभियान को बीपीआरएंडडी (ठच्त्–क), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 30 सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट पुलिसिंग कार्यों में से एक के रूप में चुना गया है। रायगढ़ में एक दिन में सर्वाधिक मास्क, 12. 37 लाख मास्क, वितरण का विश्व रिकॉर्ड। महासमुंद में सर्वाधिक बच्चों को सेल्फ–डिफेंस में प्रशिक्षित करने का विश्व रिकॉर्ड।

# 75 दिनों से मनरेगा मजदूरी लंबित, रोजगार सेवकों को भी नहीं मिला मानदेय

## - कांग्रेसियों ने विरोध दर्ज कराकर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद में मनरेगा मजदूरों और रोजगार सेवकों के भुगतान में हो रही भारी देरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के नाम संबोधित एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन मऊ को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश भर में लगभग एक करोड़ मनरेगा मजदूरों की मजदूरी पिछले 75 दिनों से लंबित है, जिससे करीब दो हजार करोड़ रुपये का भुगतान अटका हुआ है। इससे मजदूरों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वहीं, जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लगभग 40 हजार रोजगार सेवकों को भी पिछले 8 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी स्थिति भी अत्यंत दयनीय हो गई है। इसके अतिरिक्त, गैस उपभोक्ताओं को रसोई गैस की आपूर्ति में भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी मऊ के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण मजदूरों और रोजगार सेवकों को समय पर उनका हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि "मनरेगा मजदूरों की मजदूरी और रोजगार सेवकों का मानदेय जल्द भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।" उन्होंने यह भी मांग की कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को तत्काल सुचारू किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से ओमप्रकाश ठाकुर, उदय प्रताप राय, महेन्द्र सोनकर, कैलाश चौहान, उदयभान राय, शिवाजी कन्नौजिया, अशोक राय, हफिजुर्रहमान अंसारी, मनोज गिहार, ओमनारायण शर्मा, सुरेश राजभर, हरिश्चंद्र, परशुराम यादव, सुहेल एडवोकेट, सतिराम यादव, गौरीशंकर पाण्डेय, अमृतमल, संजय चौहान, चम्पा भारद्वाज, सरोज पांडेय, हिरामणी यादव, उर्मिला यादव, अरविंद यादव, आशीष राय, अमरेश यादव, रामजन्म राजभर सहित बड़ी संख्या में लोगों भाग लिया एवं सरकार विरोधी नारे लगाए।

# जिला सलाहकार समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की विशेष बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की एक विशेष समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद की बैंकिंग योजनाओं, ऋण जमा अनुपात और सरकार द्वारा संचालित जन–कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कुछ बैंकों के कम सीडी रेशियो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन बैंकों का प्रदर्शन मानक से कम है, वे ऋण वितरण में तेजी लाएं ताकि जिले का आर्थिक ग्राफ ऊपर जा सके। पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और ओडीओपी जैसी योजनाओं के लंबित आवेदनों पर चर्चा की गई। सीडीओ ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदन बिना किसी ठोस कारण के निरस्त न किए जाएं। किसान क्रेडिट कार्ड .षि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केसीसी के नए आवेदन पत्रों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने और पुराने कार्डों के नवीनीकरण पर जोर दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं के संबंध में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को कवर करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बैंकों का उद्देश्य केवल जमा राशि बढ़ाना नहीं, बल्कि जनपद के विकास में वित्तीय योगदान देना भी है। ऋण स्वी.ति की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया जाए ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने में सरकार पूर्णतया गंभीर है उद्योग, .षि, उद्यान सहित अन्य क्षेत्रों में ऋण हेतु आवेदन बैंकों को प्राप्त हो रहे हैं जिनको सभी बैंकर्स जिम्मेदारी के साथ आवेदनों का सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि ऋण से संबंधित आवेदनों को निरस्त न करें, आवेदनों में कर्मियों को पूर्ण करने के लिए आवेदनकर्ता से वार्ता कर निस्तारण करें। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा, जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद कुमार पांडे, जिला .षि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता, उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन सभी सरकारी व निजी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# ईओ-चेयरमैन विवाद से रुपईडीहा नगर पंचायत ठप, सफाई व्यवस्था चरमराई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष व ईओ के बीच आरोप प्रत्यारोपों को लेकर नगर पंचायत का विकास कार्य व साफ सफाई का कार्य ठप हो गया है। मंगलवार की सुबह से ही रुपईडीहा, केवलपुर, पचपकरी, गोकुलपुर आदि वार्डों में मार्गो मे कूड़ा पड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह ही ईओ राम बदन यादव सभी सफाई कर्मियों को बहराइच ले गए। कुछ सुपरवाईजरों ने यह भी बताया कि ईओ अपने वाहन से, कुछ बाइकों से व कुछ बसों से बहराइच पहुंच गए हैं।

### क्या कहते हैं चेयरमैन

इस रस्साकसी के बीच जब चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लनगर पंचायत के कार्य मे ईओ बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। विकास कार्य ठप हो गया है। पिछले कई दिनों से सफाई कर्मियों को ईओ ने भड़काकर अपने पक्ष में कर लिया है व कहा है कि हम तुम्हे परमानेंट कर देंगे। पिछले दिनों सफाई कर्मियों ने दो, तीन सुपरवाईजरों पर हमला कर दिया था। एक का सिर फट गया। मामला थाने तक गया था। और तो और बिना किसी को बताए ईओ राम बदन यादव व लिपिक गंगा प्रताप सिंह नगर पंचायत के सारे प्रपत्र बिना बताए उठा ले गए। यह भी कहा कि नया भवन हैंडओवर हो गया है।

### क्या कहते हैं ईओ

इस संबंध में जब ईओ रामबदन यादव को फोन किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं बहराइच में हूं। सफाई कर्मी यहां आ गए। मुझे भी यहां बुला लिया गया। सफाई कर्मियों ने अपना प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया है। मुझे 2 माह का वेतन नही मिला है। मेरी ड्यूटी एसआईआर में लगी है। इसीलिए मैं नियमित नही हो पा रहा हूं।

### चिंतित सभासद कर रहे हैं बैठक

मंगलवार की दोपहर इस समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत के सभागार में सभी 15 सभासद बैठक कर रहे हैं। सभासद नरेन्द्र मदेशिया नेबताया कि हम लोगों ने ईओ व सभी सफाई कर्मियों को बुलाया है। इस समस्या का समाधान करने के प्रयास जारी है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर हुई अहम बैठक

## - 27 मार्च तक लंबित प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने की, जिसमें जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी मतदेय स्थलों पर नियुक्त बीएलओ के साथ–साथ राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का सहयोग लिया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह जाए। यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन मतदाताओं का नाम पहले से सूची में है और वे स्थान परिवर्तन कराना चाहते हैं, वे फार्म–8 भरें, न कि फार्म–6। जनपद में नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं और उनकी सुनवाई प्रक्रिया जारी है। लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी से संबंधित मामलों में भी आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। संबंधित सूचियां बीएलओ के पास उपलब्ध हैं तथा पंचायत भवनों, मतदान केंद्रों एवं वार्डों में प्रदर्शित की गई हैं। अभी तक लगभग 86 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी हो चुकी है, जबकि करीब 30 से 36 हजार प्रकरण लंबित हैं, जिनमें आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। इन लंबित मामलों के निस्तारण के लिए 27 मार्च 2026 तक की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।




प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से पूर्ण किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि मृतकों अथवा गलत दस्तावेजों वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। साथ ही सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से इस प्रक्रिया में सहयोग करें और मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

### – ऊसराहार क्षेत्र में सुरक्षा व साइबर अपराध पर दी जानकारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत इटावा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना ऊसराहार क्षेत्र में पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 के बारे में जानकारी देते हुए उनके उपयोग के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा महिलाओं को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इटावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

### – साइबर सुरक्षा व नए कानूनों की दी गई अहम जानकारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। पुलिस टीम ने महिलाओं को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 की जानकारी दी। इसके अलावा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और अपने जीवन स्तर को बेहतर कर सकें। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में पुलिस को बड़ी सफलता

### – हत्या के मामले में आजीवन कारावास सहित कई अभियुक्तों को सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते विभिन्न मामलों में अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है। थाना सैफई क्षेत्र के मु0अ0सं0 247/2020 में न्यायालय एडीजे/स्पेशल डकैती कोर्ट ने अभियुक्त अनुराग दुबे को हत्या




एवं जानलेवा हमले के मामले में आजीवन कारावास तथा 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसी अभियुक्त को आर्म्स एक्ट के एक अन्य मामले (मु0अ0सं0 248/2020) में 2 वर्ष के कारावास एवं 2 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई। थाना बसरेहर के मु0अ0सं0 138/2014 में न्यायालय सीजे (एसडी)/एसीजेएम–1 द्वारा अभियुक्त चन्द्र पाल सिंह को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना लवेदी के मु0अ0सं0 06/2023 में अभियुक्त प्रमोद कुमार को भी न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इसी क्रम में थाना कोतवाली के मु0अ0सं0 698/2018 में अभियुक्त सिकन्दर सिंह धानुक को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी कार्रवाई के चलते विभिन्न मामलों में दोषियों को सजा दिलाई गई, जिससे कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिली है।

# पीएम आवास योजना के तहत 90 हजार लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

## - लाइव कार्यक्रम के माध्यम से लाभार्थियों को जोड़ा गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री द्वारा 90 हजार लाभार्थियों को प्रथम किस्त की धनराशि जारी किए जाने का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने की। इस दौरान डीबीटी के माध्यम से 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में 900 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त की धनराशि अंतरण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि जनपद में भी पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों को आवास, बिजली, पानी सहित विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा सीधे लाभार्थियों के खातों में धनराशि भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा अन्नू गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष .पा नारायण तिवारी, महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जनप्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ सिटी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धार्मिक संस्थाओं के लिए एन्युटी भुगतान का अवसर

### – दो सप्ताह में दावा प्रस्तुत करना अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद की समस्त पात्र धार्मिक संस्थाओं के लिए एन्युटी भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि वे धार्मिक संस्थाएं, जो जनपद के एन्युटी रजिस्टर में दर्ज हैं और डीबीटी प्रणाली के अंतर्गत एन्युटी प्राप्त करना चाहती हैं, उन्हें अपने दावे प्रस्तुत करने होंगे। निर्देशानुसार, ऐसी सभी संस्थाएं विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से अगले दो सप्ताह के भीतर अपना आवेदन एवं अद्यतन विवरण जिलाधिकारी कार्यालय के जिला भूमि व्यवस्था अनुभाग (डीएलआरसी) में जमा करें। आवश्यक दस्तावेजों में इच्छा पत्र, बैंक खाता विवरण (कैंसिल चेक या पासबुक की प्रमाणित प्रति) तथा संस्था का विवरण शामिल होना अनिवार्य है। स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि के भीतर दावा प्रस्तुत न करने पर यह माना जाएगा कि संबंधित संस्था एन्युटी प्राप्त करने की इच्छुक नहीं है, और उसकी सूचना शून्य मानी जाएगी।

# फर्जी मुकदमा दर्ज होने पर एसपी की चौखट पहुंचा सरकारी कर्मचारी

## - शिकायती पत्र में घटना वाले दिन घर पर मौजूद होने का किया दावा

## - एसपी से लगाई न्याय की गुहार, निश्पक्ष जांच की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हाल ही में समाजवादी पार्टी के वरिश्ठ नेता के अलावा सरकारी कर्मचारी समेत दस लोगों पर दर्ज किए गए एक मुकदमें को लेकर पीड़ित सरकारी कर्मचारी एसपी की चौखट पहुंचा और एसपी को षिकायती पत्र देते हुए बताया कि घटना वाले दिन वह घर पर मौजूद थे। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी है। उन्होने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए निश्पक्ष जांच करके फर्जी मुकदमे को समाप्त किए जाने की मांग की। एसपी ने उनको भरोसा दिलाया कि कोई भी बेकसूर जेल की सलाखों के पीछे नहीं जाएगा। मामले की जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिशद के लिपिक एवं षहर के पनी मुहल्ला निवासी मोहम्मद आकिब पुत्र मोहम्मद आफाक ने एसपी को दिए गए षिकायती पत्र में बताया कि सदर कोतवाली में तेरह मार्च को दर्ज मुकदमा संख्या 0078/2026 में कुछ लोगों ने व्यक्तिगत द्वेष, दुर्भावना और साजिश के तहत उनका नाम झूठे और बेबुनियाद तरीके से शामिल करा दिया है। श्री आकिब का कहना है कि जिस समय घटना हुई, वह अपने घर पर मौजूद थे और इसका स्पष्ट प्रमाण सीसीटीवी फुटेज के रूप में उपलब्ध है। उनका दावा है कि इसके बावजूद उन्हें इस मामले में फंसाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि वह एक जिम्मेदार सरकारी कर्मचारी हैं और हमेशा कानून का पालन करते हुए अपनी सेवाएं ईमानदारी और निष्ठा के साथ देते आए हैं। कुछ लोगों द्वारा उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने और सरकारी सेवा को प्रभावित करने की नीयत से इस मामले में उन्हें झूठा फंसाया गया है। पीड़ित कर्मचारी ने एसपी से मांग किया कि पूरे मामले की किसी सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए। उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने आहवान किया कि यदि जांच में उनका नाम



झूठा और निराधार पाया जाता है तो उन्हें मुकदमे से मुक्त किया जाए। जिससे एक निर्दोष सरकारी कर्मचारी की प्रतिष्ठा और सेवा सुरक्षित रह सके।

# मस्जिद राईन में तरावीह हुई मुकम्मल

### – हाफिज कैफ रजा का फूल–मालाओं से सम्मान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रमजान–उल–मुबारक के पवित्र महीने में शहर के साबितगंज स्थित मस्जिद राईन में तरावीह की नमाज मुकम्मल हुई। इस अवसर पर मस्जिद में इबादत का माहौल बेहद रूहानी और भावपूर्ण रहा। तरावीह की नमाज के बाद हाफिज कैफ रजा ने अपनी सुरीली और दिलकश आवाज में नात–ए–पाक पेश की, जिसे सुनकर मस्जिद में मौजूद नमाजी भावविभोर हो उठे। उनकी नात–ख्वानी ने पूरे माहौल को दुरूद–ओ–सलाम की सदाओं से गूंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात पत्रकार इमरान खान एवं उपस्थित नमाजियों, हाफिजों और मौलानाओं ने हाफिज कैफ रजा का फूल–मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मोहम्मद जाहिद रजा, मौलाना फुरकान सहित अन्य लोगों ने भी नात–ए–पाक का नजराना पेश किया। पूरी तरावीह के दौरान कुरान–ए–करीम की तिलावत के साथ इबादत का सिलसिला शांति और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। अंत में मस्जिद इंतजामिया की ओर से मुल्क में अमन–चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं की गईं।

# बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की बड़ी कार्रवाई

### – मॉर्निंग रेड में तीन उपभोक्ताओं पर केस दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल इटावा द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 17 मार्च को विजिलेंस टीम ने उपखंड द्वितीय क्षेत्र में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। इस दौरान विकास कॉलोनी और अड्डा सती क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान तीन उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए चोरी पकड़ी गई। जांच में कहीं अतिरिक्त केबल, कहीं मीटर बाईपास और कहीं बिना कनेक्शन के बिजली उपयोग करते पाए गए। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य एकत्रित किए। कार्रवाई के तहत सुमन गोयल, मोहिनी और रेखा देवी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। कुल 3.46 किलोवाट का अनधि.त लोड पकड़ा गया। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली चोरी न करें और वैध कनेक्शन के माध्यम से ही विद्युत का उपयोग करें। मीटर से छेड़छाड़ या अवैध केबल जोड़ना दंडनीय अपराध है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

# वर्तमान युवा पीढ़ी ही विकसित भारत की ध्वजवाहक : अन्नू

## - महिला महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 80



छात्र–छात्राओं ने माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के माध्यम से आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बहुआ डॉ रामकुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रशांत साहू आदि ने किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम समन्वयक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी प्रोफेसर लक्ष्मीना भारती ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट की मूल अवधारणा और आपातकाल के 50 वर्ष का विस्तृत परिचय के साथ प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को देश की लोकतांत्रिक विरासत और संवैधानिक अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्र–छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी ही विकसित भारत 2047 की ध्वजवाहक है। भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रखर मेधा और तार्किक क्षमता का प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र–छात्राएं विधानसभा में अपनी बात रखेंगे। संचालन प्रो. प्रशांत द्विवेदी एवं डॉ चारू मिश्रा ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर प्रो. शकुन्तला, शरद चन्द्र राय, डॉ रमेश सिंह, डॉ मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ चंद्रभूषण, डॉ जिया तसनीम, डॉ अनुष्का छौंकर, डॉ राजकुमार, आनंदनाथ एवं कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

# स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान का मुद्दा संसद में गूंजा

### – रेलवे में विशेष आरक्षण सुविधा की मांग को मिला राष्ट्रीय मंच

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रित परिवारों के सम्मान और सुविधा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा अब संसद तक पहुँच गया है। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित परिवार के प्रदेश महासचिव आकाश दीप जैन द्वारा इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की



गई थी कि स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों को रेलवे यात्रा के दौरान विशेष आरक्षण सुविधा प्रदान की जाए, जिससे उन्हें सम्मानजनक एवं सुगम यात्रा मिल सके। इस जनहितकारी विषय को गंभीरता से लेते हुए सांसद जितेंद्र दोहरे ने लोकसभा में प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। यह पहल न केवल स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति देश की .तज्ञता को दर्शाती है, बल्कि नई पीढ़ी को भी उनके बलिदान और योगदान के महत्व से अवगत कराने का कार्य करती है। क्षेत्रवासियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों ने इस सराहनीय प्रयास के लिए सांसद जितेंद्र दोहरे और आकाश दीप जैन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के होली मिलन में उड़ा अबीर-गुलाल

## - अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगनायक व महामंत्री प्रत्याशी अनिल को जिताने का आहवान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व घोशित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को सिविल बार हाल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन सर्व समाज अधिवक्ता संगठन द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता केपी सिंह एडवोकेट व संरक्षक बलिराज उमराव ने किया। होली मिलन समारोह में सभी अधिवक्ताओं ने एक–दूसरे के अबीर गुलाल लगाया। मिश्ठान वितरण हुआ व ठण्डाई का आनंद लेते हुए हाल में ही हो रहे जिला बार चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केपी सिंह एडवोकेट व संरक्षक बलिराज उमराव एडवोकेट ने संयुक्त बयान में कहा कि अध्यक्ष पद पर जगनायक सचान व महामंत्री पद पर अनिल श्रीवास्तव को भारी मतों से जिताना है। उसके लिए सभी अधिवक्ताओं को एकजुट होकर रणनीति बनाई जाएगी। वरिश्ठ अधिवक्ता सूरजबली निशाद, जगदीष, राकेष वर्मा, आफताब अहमद, सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि इन्हीं दोनों अधिवक्ताओं के साथ सर्व समाज की सम्पूर्ण कमेटी को जिताने से ही अधिवक्ताओं का सम्मान सुरक्षित रहेगा। आने वाले समय में नई कमेटी द्वारा बार व कचेहरी का ऐतिहासिक विकास होगा। इस मौके पर अध्यक्ष प्रत्याशी जगनायक सचान, महामंत्री प्रत्याशी



अनिल श्रीवास्तव के अलावा शिव विक्रम सिंह, कृशण गुप्ता, अजय पटेल, बीडी मौर्या, अमरनाथ कैथल, बचानीलाल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, वागीष श्रीवास्तव, बृजेन्द्र यादव, मुलायम सिंह यादव, सुनील उमराव, परीक्षित यादव, इन्द्रजीत यादव, जगदीष मौर्य, प्रदीप खन्ना, अजय श्रीवास्तव, रामसागर कुषवाहा, रामसागर पटेल, कमलेष उमराव, सुनील गुप्ता, सलीम अहमद, अखिलेष मौर्या, अनुपम लोधी, राजकुमार लोधी, संदीप श्रीमाली, सुरेन्द्र कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।






# मनरेगा भुगतान को लेकर कांग्रेस ने घेरा विकास भवन

## - सरकार विरोधी नारों के साथ किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। कांग्रेस द्वारा मनरेगा मजदूरों व रोजगार सेवकों की मांग की। जिला व शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष हजार रोजगार सेवकों व संविदा कर्मियों का पिछले आठ माह से भुगतान नहीं किया गया जो सीधे तौर पर गरीबी के पेट पर लात मारना जैसा है। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि जहां एक ओर देश मंहगाई व बेरोजगारी से जूझ रहा है वही गरीब से काम कराकर उसका भुगतान न करना भुखमरी को बढ़ावा देना है। साथ ही गैस सिलेंडर में अकस्मात् साठ रुपए की बढ़ोत्तरी होना गरीब जनता के साथ एक भद्दा मजाक है। उन्होंने आगे कहा कि आज पूरा विष्व भारत देश के ऊपर हंस रहा है एवं ऐसा प्रतीत होता है कि यह नेहरू व इंदिरा का भारत नहीं बल्कि एक निरीह भारत है, जिसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के पास जनता के बीच आपसी तनाव पैदा कर विद्रोह पैदा करने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है जिसे वह बखूबी अंजाम दे रही है। इस मौके पर महिला नेता सन्तोष कुमारी शुक्ला, शकीला बानो, कलीम उल्ला सिद्दीकी, कल्याण सिंह, रंजीत मौर्य, आशीष गौड़, देवी प्रकाश दुबे, आरिफ खान, आदित्य श्रीवास्तव, राम नरेश महराज, चौधरी मोहन राइन, प्रशांत शुक्ला, मोहित मिश्रा, कल्लू कोरी, अंकुर अवस्थी, सहाब अली, राम चंद्र शुक्ला, निजामुद्दीन, मनोज घायल, रिक्की सरदार, जेपी पासवान, रामकरण शर्मा, एमएल श्रीवास, नौशाद अहमद, सुधीश पाण्डेय, बशीर अहमद, आनंद सिंह गौतम, राजीव श्रीवास्तव, उस्मान, रमजान, अमित श्रीवास्तव, रिजवान, फारूक, आदर्श शुक्ला, अजय बच्चा, पप्पी राजपूत, हम्माद हुसैन, अकरम काले उपस्थित रहे।



पिछले आठ माह के लंबित भुगतान को लेकर लगभग एक सैकड़ा कार्यकर्ताओं के साथ सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कचेहरी प्रांगण होते हुए विकास भवन पंहुचे जहां मजदूरों के भुगतान को अविलंब करने एवं गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमत को कम करने महेश द्विवेदी ने कहा कि गरीब मजदूरों के मुँह से निवाला छीनने वाली भाजपा सरकार ने लगभग एक करोड़ मनरेगा मजदूरों का पिछले पचहत्तर दिनों का मजदूरी भुगतान नहीं किया है जिससे उनको परिवार पालना दुश्वार हो रहा है। साथ ही लगभग चालीस

# मर्यादा का महासागर व त्याग का शिखर है भरत चरित्र

## - सजल हो उठीं पण्डाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखे

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के ज्वालागंज स्थित रामलीला मैदान में प्रवाहित हो रही श्रीराम कथा के पावन अवसर पर आज भरत चरित्र के प्रसंग ने भक्तों के हृदय को झकझोर दिया। कथा व्यास परम श्रद्धेय चंदन .ष्ण जी महाराज ने राजकुमार भरत के अलौकिक त्याग और भ्रातृ प्रेम का ऐसा सजीव वर्णन किया कि पण्डाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं की आँखें सजल हो उठीं। कथा के मुख्य प्रसंगों की व्याख्या करते हुए पूज्य व्यास जी ने कहा कि भरत का चरित्र त्याग की वह पराकाष्ठा है, जहाँ अयोध्या का निष्कंटक राज्य भी उनके चरणों की धूल के समान था। उन्होंने कहा कि भरत के समान भाई न संसार में हुआ है और न होगा। उन्होंने न केवल राज्य का परित्याग किया, बल्कि 14 वर्षों तक नंदीग्राम की कुटिया में रहकर साक्षात तपस्या का जीवन जीया। भरत जी द्वारा प्रभु राम की चरण पादुकाओं को सिर पर रखकर अयोध्या लाना, सत्ता के प्रति उनके अनासक्ति भाव को दर्शाता है। वे राजा नहीं, राम के सेवक बनकर जिए। कैकेयी के वरदान को ठुकराकर भरत ने सिद्ध किया कि अधर्म से प्राप्त वैभव कभी सुखकारी नहीं होता। भव्य आरती में कथा संयोजक प्रदेश अध्यक्ष उत्तम उद्योग व्यापार मंडल .ष्ण कुमार तिवारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने सम्मिलित होकर प्रभु का आशीर्वाद लिया। फूलों की



वर्षा और शंखनाद के बीच पाण्डाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कथा स्थल पर धनंजय मिश्रा, मनोज साहू, आकाश भदौरिया, जय किशन, अनिल महाजन, श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, संदीप श्रीवास्तव, संजय सिंह, सौरभ गुप्ता, सोनू शुक्ला, गंगासागर, गंगाशरण करवरिया, शिवप्रसाद मामा, शनि, अतुल कसेरा उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जे व भ्रष्टाचार के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## - लेखपाल पर गरीबों की जमीन कब्जाने में मिलीभगत का आरोप, कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। खागा तहसील में कार्यरत एक लेखपाल पर गरीब, गया है और शिकायतों के बावजूद प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। पीड़िता सुनीता देवी पत्नी



विधवा और अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट गेट के समीप अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि मोटी रकम लेकर उनकी भूमि पर दबंगों का कब्जा कराया स्व. रामकेशन, कंधई लाल पुत्र स्व. रामआसरे और पप्पू पुत्र स्व. धनश्याम निवासी टेनी परगना हथगाम तहसील खागा ने बताया कि उनकी घर की भूमि गाटा संख्या 24, खाता संख्या 441 पर कब्जे का विवाद चल रहा है। आरोप है कि उक्त भूमि हाईवे से टेनी मार्ग पर स्थित होने के कारण उस पर कब्जा कराने के लिए लेखपाल ने मदन उर्फ राजकुमार केशरवानी पुत्र राधेश्याम से कथित रूप से पैसा लेकर कब्जा करवा दिया। पीड़ितों का कहना है कि जब उन्होंने अपनी भूमि की नाप कराकर कब्जा दिलाने की मांग की तो लेखपाल ने नाप कराने से ही मना कर दिया। उनका आरोप है कि लेखपाल की मिलीभगत से भूमाफिया उनकी जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और एंटी भू–माफिया पोर्टल पर भी दर्ज कराई, लेकिन वहां भी गलत आख्या लगाकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। इसके अलावा उन्होंने कई बार एसडीएम और तहसीलदार को भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर गरीब, विधवा, विकलांग और अनुसूचित जाति के लोगों को ही न्याय पाने के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा सुनवाई न होने से आहत होकर अब उन्होंने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। पीड़ितों ने प्रशासन से मांग किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा उनकी भूमि की पैमाइश कराकर उन्हें कब्जा दिलाया जाए।

# राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष को मिला दोसर वैश्य गौरव सम्मान

## - समाज में हर्ष की लहर, लोगों ने दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता को दोसर वैश्य गौरव सम्मान मिला। जिससे समाज में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने बधाई दी। माला, पटका एवं प्रशस्ति पत्र देकर लखनऊ में आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मानित किया गया। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति द्वारा लखनऊ में आयोजित प्रांतीय शपथ ग्रहण, होली मिलन सामाजिक सदभाव एवं सम्मान समारोह 15 मार्च को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह कैसरबाग में महासमिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ समाजसेवी को समाज ने विशिष्ट कार्य करने हेतु दोसर वैश्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। साथ में फतेहपुर के जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता को भी उनके विशिष्ट कार्यों हेतु दोसर वैश्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। दोनों पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्याम मूर्ति गुप्ता ने अपने पदाधिकारियों के साथ मंच पर माला पटका एवं सम्मान पत्र प्रदान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि द्वय पदाधिकारियों ने जिस निष्ठा एवं लगन के साथ जनपद में दोसर वैश्य समाज को एकजुट करने में भूमिका निर्वाहन किया है वह सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। इस अवसर पर जनपद के साथ साथ राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये द्वय पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी। शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, संगम लाल गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, राम विशाल गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, गिरधारी लाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, आनंद गुप्ता, मनीष गुप्ता, साजन गुप्ता आदि शामिल रहे।

# डीएम से मिलेगा ताइक्वांडो एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल

## - खिलाड़ियों के हित व स्टेशन में वंदे भारत ट्रेन के ठहराव की होगी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर की बैठक नीलकंठ पैलेस पटेलनगर में अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में मार्शल आर्ट को विकसित करने व सामाजिक कार्य हेतु उपरोक्त निर्णय लिये गये। प्रत्येक तीन माह में बेल्ट टेस्ट की श्रृंखला में अप्रैल में सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट, महिला सशक्तिकरण हेतु जनपद के समस्त विद्यालयों में ताइक्वांडो प्रशिक्षण की अनिवार्यता की मांग, नगर में ताइक्वांडो प्रशिक्षण हेतु स्थान की मांग जिलाधिकारी से की जायेगी। साथ ही ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर रेलमंत्री को मांग पत्र भेजकर रेलवे स्टेशन में वन्दे भारत ट्रेन के ठहराव की मांग करेगा। अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि खेल विस्तार हेतु योजनाओं को क्रमबद्ध करके निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण के शिविर आयोजित किये जायेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, संयुक्त सचिव भारत वर्मा, शिव कुमार, कार्यकारणी सदस्य मनीषा राजपूत, तनुज बाजपेई, रिचा राजपूत, काजल उपस्थित रहे।



# आईटीआई में रोजगार मेला व प्लेसमेंट इवेन्ट आज

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति द्वारा मिशन के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा कल (आज) प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में वृहद रोजगार मेला/प्लेसमेन्ट इवेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की 40 से अधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय, प्रदेश व जनपद स्तर की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जिसमें डिक्सन, जैगुवार, ब्लिंकिट, इंटरफेस माइको सिस्टम लि, एलीमेन्ट्स कन्सल्टेन्ट प्रा.लि., टाटा मोटर्स पंतनगर, सिद्धी इंटर प्राइजेज, सिण्डेन विकास प्रा०लि० (दिव्यांगो हेतु), यूपीपीसीएल, हैवेल्स, लर्नर प्रा०लि०, बजाज कैपिटल इन्श्योरेन्स ब्रोकिंग प्रा०लि०, रिलायन्स मार्ट ए जीओ, एच.आर.वी.एस.इंडिया प्रा०लि., मंत्रा नेक्सटजन सोल्यू०, ए मॉस स्किल्स प्राइम कनेक्ट मंत्रानेट, वर्धमान, एजू वान्टेज प्रा०लि०, श्रीराम रिंग्स एंड पिस्टन, सारा सिक्योर, भारतीय जीवन बीमा निगम आदि कंपनियों द्वारा जनपद के युवाओ को सेवायोजित किया जायेगा। रोजगार मेला में प्रतिभाग हेतु अभ्यर्थी का सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पंजीकरण व रोजगार मेला सम्बन्धी जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर जिला सेवायोजन कार्यालय अथवा कार्यालय दूरभाष 05180–298602 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरकी में सोमवार की षाम घर के बाहर बैठी 72 वर्षीय वृद्ध महिला को विपरीत दिषा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सरकी निवासी स्व0 मोहन की पत्नी जषोदिया देवी सोमवार की षाम लगभग पांच बजे घर के बाहर बैठी थी। तभी विपरीत दिषा से तेज रतार आ रहे बाइक सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी मृतका के पुत्र सर्वेष ने दी है।

# ट्रक की चपेट में आकर सब्जी विक्रेता की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिधांव के समीप सोमवार की देर रात सब्जी बेंचकर घर वापस आ रहे 55 वर्षीय अधेड़ को तेज रतार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगीपुर गांव निवासी स्व0 बुद्धिलाल का पुत्र तेजराम सब्जी विक्रेता था। बताते हैं कि रात लगभग दस बजे मुत्तौर से सब्जी बेंचकर घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह सिधांव के पास पहुंचा तभी तेज रतार ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तरावीह में दो बच्चों ने कुरआन पाक किया मुकम्मल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। रमजानुल मुबारक की 26 वीं तारीख को तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। दो खुश क़िस्मत हाफ़िज़–ए–कुरआन बच्चों ने कुरआन पाक को तरावीह की नमाज़ में मुकम्मल कराया। एक हाफ़िज़ मुहम्मद याह्या 13 साल पुत्र हाफ़िज़ मोहम्मद इस्माइल सिद्दीकी निवासी खेलदार दूसरे हाफिज मोहम्मद खालिद उर्फ दानिश पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी लाला बाजार ने खेलदार मोहल्ले की पीली मस्जिद के मदरसा तहाफिज़ुल कुरआन में 26 दिन की तरावीह को अपने उस्ताद हाफिज मोहम्मद इस्माईल सिद्दीकी की सरपरस्ती में मुकम्मल किया। इस मौके पर ईदगाह के डॉ. सैयद हबीबुल इस्लाम ने कहा कि यह बहुत खुशी का मौका है कि इन दोनों बच्चों ने कुरआन जैसी अल्लाह की मुक़द्दस किताब को तरावीह में मुकम्मल किया। इनके वालिद और वालिदा क़ाबिले मुबारक हैं। उन्होंने फरमाया कि कुरआन पाक सिर्फ तिलावत के लिए नहीं आया है। ये तो गाइडलाइन है जो हम सब को सीधा रास्ता दिखाने वाली किताब है। यह राहे हिदायत है यह अपनी पहली सूरत में ही हमें यह सिखाती है कि अल्लाह पाक हमसे कहलवाते हैं कि ऐ अल्लाह हमें सीधा रास्ता दिखा दे। हम सब को सीधे रास्ते पे चला दीजिए बुराई के रास्ते से बचा लीजिए। उसके बाद मुल्क मिल्लत के लिए उम्मते मुस्लिमा के लिए दुआ कराई। इस रूहानी महफ़िल में शहर के नौजवान हुफ़ाज़ ने और मुआजिज शख़्सियत ने शिरकत किया और दोनों हाफिजे कुरआन को हार फूल देकर दुआओं से नवाजा।

# ईद के पर्व को लेकर जिले की पुलिस सतर्क

## – कई थाना क्षेत्रों के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में किया पैदल मार्च

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में आगामी पर्व ईदुल फितर के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिले की पुलिस सतर्क है।



पर्व को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं आम जनमानस में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मलवां, जहानाबाद, जाफरगंज, थरियांव, धाता के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लैग मार्च किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह ने थाना मलवां क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर लैग मार्च कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया। शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में पर्वो को सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारिगणों द्वारा अपने–अपने सर्किल के थाना क्षेत्रान्तर्गत मिश्रित आबादी वाले स्थानों में लैग मार्च किया गया।

# शहबाजपुर में जनपद स्तरीय किसान मेला कल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में .षि सूचना तंत्र के सु.ढ़ीकरण एवं .षक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय एक द्विवसीय किसान मेला का आयोजन 19 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे से मेला मैदान (शहीद स्थल) ग्राम शहबाजपुर विकास खण्ड खजुहा में किया जा रहा है। जिसमें .षि एवं विकास से सम्बन्धित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, .षि वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील .षक प्रतिभाग करेंगें। जनपद स्तरीय इस किसान मेला में .षि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसलों के बारें में नवीनतम तकनीक की जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी एवं उनकी .षि सम्बन्धी समस्यायों का समाधान किया जाएगा। उक्त अवसर पर किसानों को नवीनतम .षि तकनीक तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही .षकोंपयोगी योजनाओं एवं देय सुविधाओं की जानकारी कराने के उद्देश्य से .षि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, लघु सिचाई, यूपी एग्रो, नेडा आदि एवं .षि से सम्बन्धित बीज, उर्वरक, रसायन कम्पनियों के द्वारा अपने विभाग उत्पाद का स्टाल लगाया जाएगा। गोष्ठी में स्वयं उपस्थित रहकर किसानों को अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं एवं देय सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराएगें।

# ईद-उल-फितर की नमाज़ ईदगाह व मस्जिदों में अदा करें, सड़कों पर नमाज़ न पढ़े : अख्तर शाही फतेहपुरी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। आगामी ईद–उल–फितर के मुबारक मौके पर मुस्लिम स्कॉलर एवं सामाजिक कार्यकर्ता अख्तर शाही फतेहपुरी ने जनपदवासियों से अमन–ओ–अमान, आपसी भाईचारे और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।



उन्होंने कहा कि 20 या 21 मार्च 2026 को ईद–उल–फितर का पावन पर्व पूरे जोश–ओ–खरोश और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। अख्तर शाही फतेहपुरी ने रोज़ेदारों और शहरवासियों से गुजारिश की कि ईद की नमाज़ अपने नजदीकी ईदगाहों और मस्जिदों में ही अदा करें तथा सड़कों पर नमाज़ अदा करने से परहेज़ करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ईद–उल–फितर का त्योहार मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। इस मुबारक अवसर पर सभी लोग मुल्क में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ करें तथा आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत बनाएं।

# किसान दिवस आज

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि चालू माह का किसान दिवस कल (आज) 12 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों व विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी तथा .षकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

# युवा सपा नेता ने आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव से की मुलाकात

## – 2027 विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के युवा नेता एवं सक्रिय कार्यकर्ता लकी अंसारी ने आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने जिले



में पार्टी के संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने की रणनीति पर गहन चर्चा की।

मुलाकात के दौरान लकी अंसारी ने सांसद धर्मेंद्र यादव को भरोसा दिलाया कि जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए युवा कार्यकर्ताओं की टीम दिन–रात एक कर गांव–गांव भ्रमण करेगी। युवाओं की इस टोली के माध्यम से पार्टी की नीतियों, योजनाओं और विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। श्री अंसारी ने कहा कि युवा टीम 2027 के चुनाव में पार्टी को हर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत स्थिति में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव–गांव जाकर लोगों को समाजवादी पार्टी की लोक कल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया जाएगा और मतदाताओं का विषास जीतने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जवाब में सांसद धर्मेंद्र यादव ने युवा नेता लकी अंसारी की मेहनत और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी प्रदेश में सरकार बनाएगी। सरकार बनते ही हर कार्यकर्ता का मान–सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। पार्टी में जो लोग मेहनत करेंगे, उनको बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने जिले के संगठन को मजबूत करने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा और सक्रियता से पार्टी को नई ताकत मिल रही है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )